विश्वास के नायक

शिक्षक पुस्तक

सभी उम्र के लिए

विश्वास के नायक

"बच्चें महत्वपूर्ण है" द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम
शिक्षक पुस्तक
सभी उम्र के लिए
यूनिट 1: पाठ 1-13

वेबसाइट: www.ChildrenAreImportant.com/heroes/ सम्पूर्ण "बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम को धन्यवाद!

मुख्य संपादक: क्रिस्टीना क्रॉस
रचनात्मक टीम: एब्रिल पलासिओस केमाको, ड्वाइट क्रॉस, जेनिफर सांचेज़ नीटो, जूलियो सांचेज़ नीटो, माइक कांगस, मोंसेर्रत डुरान डाएज़, सुकी कांगस, वेरोनिका टोज, और विकी कांगस
इस कार्यक्रम में अद्भुत संगीत देने के लिए रूबेन डारियो को विशेष धन्यवाद।
अनुवाद टीम:
अली अतुथा, अलाइन जेवियर, जैकब कुरुविला, अनुपमा वानखेड़े, अरोमा पब्लिकेशेन्स, ब्लेसी जैकब, कार्ला मायूमी, क्रिसब्रेस्नाहन, डेविड राजू, एप्रैम जुगुना मिरोबी, फिन्नी जैकब, गीनव क्रूज़, मार्कोस रोचा, माथ्यु दास, नसीम बौग्तिया, पॉल वांगी, पॉल सेप्टन, रुबिना राय, सबरीना बेनी जॉन, और क्रिस्टीना क्रॉस।

परिचय

“विश्वास के नायक” सन्डे स्कूल में आपका स्वागत है! अध्ययन के इस श्रृंखला में, हम इब्रानियों 11वें अध्याय में पाए जाने वाले विश्वास के नायकों की सूची को देखेंगे। क्योंकि हमारा आत्मिक जीवन हमारे भौतिक जीवन से अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए हम यह भी सीखेंगे कि हम विश्वास का जीवन कैसे प्राप्त कर सकते हैं। हम इस बात का विश्लेषण करेंगे कि जीवन के सामान्य निर्णयों से अधिक आत्मिक निर्णय महत्वपूर्ण क्यों हैं। हम तब इन सवालों का जवाब देंगे जब हम उन पुरुषों और महिलाओं के जीवन की जांच करते हैं जिन्होंने परमेश्वर पर विश्वास किया, परमेश्वर से बातें की, और उनके लिए जीए। वे हमारे लिए एक उदाहरण हैं। कभी-कभी हम उन अच्छी चीजों को देखेंगे जो लोगों ने किया और कई बार हम उनकी गलतियों से सीखेंगे।

यद्यपि हम इन कक्षाओं को छोटे बच्चों और किशोरों को सिखा रहे हैं, लेकिन उनके साथ आपको भी पुराने नियम के कुछ मजेदार पहलुओं को सीखने की सुंदरता यहाँ मिलेगी। सबसे ऊपर, इन सिद्धांतों को हमारे दैनिक जीवन में कैसे लागू करें, इस पर रचनात्मक विचारों को देखना काफी अद्भुत होगा। इस पाठ्यक्रम को लिखने के दौरान, हमने वास्तव में परमेश्वर और मसीही जीवन के बारे में और अधिक बातें सीखने का आनंद उठाया।

चूंकि हम परमेश्वर में विश्वास रखने के बारे में बात कर रहे हैं, तो आइए, इसे परिभाषित करके शुरू करें। हम जिस मुख्य आयत का उपयोग करेंगे, वह इब्रानियों 11:1 है - "अब विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय, और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है।" परमेश्वर पर भरोसा रखना यह सुनिश्चित करना है कि जब हम उसे नहीं देखते, तब भी वह अस्तित्व में है। यह विश्वास परमेश्वर की ओर से आमतौर पर बाइबल के माध्यम से आता है। और उस विश्वास के साथ, हम उसे और उसके वायदों पर भरोसा कर सकते हैं, और फिर वह जो चाहते हैं वह कर सकते हैं – अर्थात् परमेश्वर की इच्छा पूरी करना।

बाइबल सभी मसीहियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण किताब है, लेकिन यह एक बड़ी किताब भी है। हम में से सभी ने पूरी बाइबल नहीं पढ़ी होगी। यह इतना बड़ा है कि हम अध्यापक भी कई बार भटक सकते हैं, घटनाओं में भ्रमित हो सकते हैं, यह बिना जाने कि वे कहां और कब घटित हुए। कल्पना करें कि बच्चे कैसा महसूस करते होंगे! इसमें हमारी सहायता करने के लिए, हम पुराने नियम की समीक्षा करने और फिर इब्रानियों 11 की कहानियों की भी समीक्षा करने जा रहे हैं। हम इसे सीखेंगे, और फिर इसे अपने आत्मिक जीवन का हिस्सा बनाना सीखेंगे। बच्चे पुराने नियम की किताबों के नाम और ऐतिहासिक क्रम में रखे गए कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को सीखेंगे, इस कारण वे तारीखों और घटनाओं से कम उलझन महसूस करेंगे।

पुराने नियम के अध्ययन करने का महत्वपूर्ण कारण यह है कि हम ऐसे अद्भुत कहानियां और निर्देश पा सकते हैं जो आज हमारे जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से लागू होते हैं। परमेश्वर ने हमें अपना वचन दिया है, ताकि हम परमेश्वर और दूसरों की सेवा करते हुए अपने दैनिक जीवन में महानायक बन सके।

यदि आप इसे स्वीकार करना चुनते हैं तो आपका प्राथमिक मिशन होगा कि आपको स्वयं अपने दैनिक जीवन में प्रत्येक पाठ को बच्चों और किशोरों के लिए एक उदहारण की रूप में अपने घर, कक्षा और कलीसिया में लागू करना होगा। यद्यपि आपके विद्यार्थी बाइबल से इन चीजों को याद करने जा रहे हैं, लेकिन मुख्य अभियान यह है कि वे हर सप्ताह इसे जीना सीखें। आपका मिशन इस बात पर ध्यान केंद्रित करना है कि वे अपने दैनिक जीवन में इन पाठों को कैसे अमल कर सकते हैं। हमें अभी आपके उत्तर चाहिए। यह नोट 10 सैकंड में स्वयं मिट जाएगा।

परमेश्वर आपके जीवन को आशीष प्रदान करें जब आप "विश्वास के नायक" के इस अध्ययन के माध्यम से अपने आस-पास के बच्चों और किशोरों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

प्रेमपूर्वक ,

"बच्चें महत्वपूर्ण है" रचनात्मक टीम

इस सामग्री का उपयोग कैसे करें

आवश्यक कहानी / संकल्प

"एक महान शिक्षक वह नहीं है जो अपने विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि वह है जो उनकी रूचि इसमें जगाता है और उन्हें अपने लिए इसे पाने के लिए उत्सुक बनाता है।" –एम. जे बेरिल

आपके विद्यार्थियों द्वारा न केवल कक्षा में ध्यान केन्द्रित रखना बल्कि उन्हें जो सिखाया जाता है, उन बातों को उनके जीवन में लागू करने के लिए उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है। कई लोग मिठाई और पुरस्कार के साथ बच्चों को प्रोत्साहित करने की कोशिश करते हैं या अगर वे ध्यान नहीं देते हैं तो उन्हें दंडित करते हैं। हालांकि, इन दो तरीकों से कक्षा में आपको अच्छा व्यवहार मिलता है, लेकिन अपने घर लौटने के बाद सीखे गये सिद्धांतों को जीने के लिए वे प्रेरित नहीं करते हैं। मसीही कलीसियाओं में बच्चों के शिक्षकों के रूप में, हम केवल उनका मनोरंजन नहीं कर रहे हैं ताकि वे वयस्क सभा में रूकावट ना डालें। इसकी बजाय, हम विश्वासियों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो परमेश्वर का अनुसरण करते हैं, उसे जानते हैं और उसकी सेवा करते हैं। यद्यपि हम में से किसी के लिए भी यह एक कठिन काम है, लेकिन अद्भुत बात यह है कि हमसे ज्यादा परमेश्वर खुद हर बच्चे के लिए अधिक परवाह करता है, और वह हमें इसमें बने रहने और हर बच्चे के जीवन को प्रोत्साहित करने और उनकी सेवकाई करने के लिए अपनी सामर्थ और अपनी बुद्धि देता है।



आपके विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने में आपकी सहायता के लिए, हमने विद्यार्थियों द्वारा परमेश्वर की आवश्यकता को महसूस करने और जो वे सीख रहे हैं उन बातों को अपने घर में वास्तविक जीवन में अमल करने में मदद करने के लिए प्रत्येक पाठ की शुरुआत में एक "आवश्यक कहानी" प्रदान की है। प्रत्येक कहानी में हमारे द्वारा निर्मित 5 काल्पनिक पात्रों में से एक को प्रस्तुत किया गया है। कृपया उनके नाम बदलने में संकोच न करें। एक विचार है कि स्वयंसेवकों से हर हफ्ते कहानियों को अभिनय करने के लिए कहा जाए। यदि यह प्रायोगिक नहीं है, तो आप बच्चों को केवल जोर से कहानी पढ़ कर सुना सकते हैं। आप समस्याओं को हल करने के लिए बच्चों से उनके विचारों को पूछ सकते हैं। उन्हें मत बताइयें कि उनके विचार गलत, अच्छे, बुरे, या सही हैं, और कोई समाधान अपनी तरफ से न दें। बच्चों को उस पाठ पर ध्यान बनाए रखने को प्रेरित करने के लिए उस अनसुलझे तनाव का इस्तेमाल करें।

पाठ के बाद संकल्प खंड आता है। अगर बच्चे लंबे समय से बैठे हुए हैं, तो संकल्प खंड से पहले भी उनके साथ एक क्रियाकलाप करें। तैयार होने पर, आवश्यक कहानी के बारे में बच्चों को याद दिलाएं, और फिर आपके अभिनेता संकल्प के लिए बाहर आयें या केवल इसे पढ़ते जाएँ। यह आंशिक रूप से आवश्यक कहानी के तनाव को हल करेगा और बच्चों द्वारा स्कूल में और घर में सामना किए जाने वाली समस्याओं को हल करने में मदद करेगा। इस तरह, आप बच्चों को उनके दैनिक जीवन में पाठ को लागू करने के लिए प्रेरित करेंगे!

मुख्य पाठ

यह पाठ्यक्रम पुराने नियम का एक अवलोकन अध्ययन है। कई पाठों में, हम बाइबल में किसी एक व्यक्ति, या नायक के पूरे जीवन को देखेंगे। शिक्षक के रूप में, आप इसे अपने आप के लिए अध्ययन के रूप में उपयोग कर सकते हैं और समय से पहले पवित्रशास्त्र के सूचीबद्ध पद्यांशों को पढ़ सकते और ताजा प्रकाशन भी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य पाठ में प्रत्येक नायक के जीवन का

सारांश शामिल किया गया है। रुचि बनाए रखने के लिए बच्चों से पूछें कि क्या उन्हें नायक के जीवन के बारे में अधिक जानकारी याद है कि नहीं। कृपया कहानी के भाग को छोटा रखें, ताकि आपके पास मुख्य बिंदु : अमलीकरण को बताने का समय हो। प्रत्येक पाठ के अंत में बच्चों के लिए एक निर्णय है। यह निर्णय पूरे पाठ का मुख्य बिंदु है, जैसे कि सॉकर (फुटबॉल) खेल में "गोल" लक्ष्य होता है। यदि आप अच्छी तरह से खेल खेलते हैं, टीम के अन्य साथी को सही 'पास' देते हो और दूसरी टीम द्वारा गेंद छीनने से रोकते हो, लेकिन अगर आप इसे कभी भी गोल में नहीं डालते, तो आप कभी जीत नहीं पाएंगे। सुनिश्चित करें कि आप बच्चों को अपने जीवन में लागू करने में मदद करने के लिए मुख्य अमलीकरण प्राप्त करें। याकूब 1:22-24 में हम पढ़ते हैं, "परन्तु वचन पर चलने वाले बनो, और केवल सुनने वाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं। क्योंकि जो कोई वचन का सुनने वाला हो, और उस पर चलने वाला न हो, तो वह उस मनुष्य के समान है जो अपना स्वाभाविक मुंह दर्पण में देखता है। इसलिये कि वह अपने आप को देख कर चला जाता, और तुरन्त भूल जाता है कि मैं कैसा था।" 1 कुरिन्थियों 10वें अध्याय में, हम पढ़ते हैं कि पुराने नियम में दी गई कहानियां वे उदाहरण हैं जो हमें दिखाती है कि हमें क्या चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। पुराने समय के नायकों को देखना खुद को दर्पण में देखने की तरह है जो हमें उनके जीवन से सीखने का मौका देता है। आइए बच्चों को उनके उदाहरणों का पालन करने और उनकी गलतियों से सीखने और परमेश्वर के लिए जीना सिखाएं।

समय-रेखा

हर हफ्ते बच्चे बाइबल की कहानी के नायक के जीवन का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी पुस्तकों में समय-रेखा पर एक रेखा खींचते हैं। उदाहरण के लिए, पाठ 1 में, वे पहले पाठ में चिन्हित 1 में से आदम के जीवन के बारे में सीखते हैं। पाठ में प्रदान किए गये अंकों का उपयोग करके, विचार यह है कि बच्चे गणना करते हैं कि रेखा कब शुरू होनी चाहिए और यह कितनी लम्बी होनी चाहिए। प्रत्येक वर्ग 100 साल का प्रतिनिधित्व करता है। उदाहरण के लिए, आदम का जीवन सृष्टि के 6वें दिन शुरू होता है और 930 वर्षों में समाप्त होता है, या समय-रेखा पर 9 और 1/3 वर्ग की सीमा। प्रत्येक नायक के जीवन और उनके आश्चर्यजनक विवरणों को देखना काफी मजेदार लगेगा, जैसे कि इस तथ्य की तरह कि आदम से नूह की मृत्यु तक का समय अब्राहम से लेकर यीशु तक का समय था!



गृहकार्य

पाठों को उनके व्यवहार में लाने में बच्चों को सिखाने में मदद करने के लिए एक और उपकरण हर हफ्ते दिया जाने वाला गृहकार्य है। प्रत्येक पाठ में एक क्रियाकलाप होती है जो बच्चे सप्ताह के बीच में कर सकते हैं।

यूहन्ना 14:23 में, यीशु ने कहा, "यदि कोई मुझ से प्रेम रखे, तो वह मेरे वचन को मानेगा, और मेरा पिता उस से प्रेम रखेगा, और हम उसके पास आएंगे, और उसके साथ वास करेंगे।"

इन गृहकार्यों के साथ, बच्चे केवल कलीसिया में नहीं, बल्कि अपने जीवन में परमेश्वर को सप्ताह के बीच में भी ला सकते हैं। बड़े विद्यार्थियों के लिए भी बाइबल में एक पठन कार्य दिया गया है। गृहकार्य पर चर्चा करने के लिए कक्षा में कुछ मिनट अलग करें और उन्हें कक्षा में अभ्यास करने का अवसर दें। उन बच्चों को एक छोटी कैंडी या पुरस्कार के साथ पुरस्कृत करें जिन्होंने पिछले हफ्ते के गृहकार्य को पूरा किया है।

उपस्थिति / नायकों का खेल



यह सामग्री हर हफ्ते उपस्थिति के लिए बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए कार्ड के एक 'सेट' के साथ आता है। ये उपस्थिति कार्ड या स्टिकर हो सकते हैं। हालांकि, वे एक खेल भी हो सकते हैं! यूनिट के अंत में (13 पाठ, या 3 महीने के बाद), बच्चे इन कार्डों के साथ एक गेम खेल सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खेल निर्देश को पढ़ें।

वैकल्पिक खेल:

बच्चों को कागज के टुकड़े पर 1-10 नंबर लिखने को कहें। फिर शिक्षक खेल निर्देशों से दिए गए 10 में से किसी भी एक प्रश्न को पूछता है। कोष्ठक में दिए गये विशेषताओं को न कहें। प्रत्येक प्रश्न के लिए, विद्यार्थी लिखते हैं कि उस स्थिति में कौन से गुण या विशेषता की आवश्यकता है: जैसे कि धैर्य, ईमानदारी, आज्ञाकारिता, विनम्रता, हृदय या विश्वास। जो भी सबसे सही अंदाजा लगाता है वह एक छोटी कैंडी या पुरस्कार जीतता है।

1. परमेश्वर में विश्वास करें



बाइबल कहानी: सृष्टि

उत्पत्ति 1: 1-2: 3, इब्रानियों 11: 1-3

याद करने की आयत 1

इब्रानियों 11:1 "विश्वास उन बातों का पक्का निश्चय है, जिनकी हम आशा करते हैं और उन वस्तुओं के अस्तित्व के विषय में दृढ़ धारणा है, जिन्हें हम नहीं देखते।"

आवश्यक कहानी 1

सन्डे स्कूल में उन्होंने सृष्टि के बारे में बैजू को पढ़ाया, उन्होंने उसे बताया कि परमेश्वर ने पूरी पृथ्वी को छह दिनों में बनाया है। कुछ दिनों बाद स्कूल में, शिक्षक ने उसे अपनी बायोलॉजी किताब लाने को कहा और उन्हें विकासवाद की अवधारणा को दिखाया और बताया कि हम बंदरों से परिवर्तित हुए हैं। इसने बैजू पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। उसने कहा "कलीसिया में वे मुझे एक अलग बात सिखाते हैं। स्कूल में वे मुझे एक अलग बात सिखाते हैं।"

मुख्य पाठ 1

एक नए सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम "विश्वास के नायक" में आपका स्वागत है, जहां हम इब्रानियों के अध्याय 11 के दर्पण के माध्यम से पुराने नियम का एक अवलोकन करेंगे, जहां पौलुस हमें हमारे विश्वास के नायकों की एक सूची देता है। पुराने नियम के इस अध्ययन में, हम देखेंगे कि कई अलग-अलग व्यवसाय या कामों को करने वाले लोग थे। उनमें किसान, माताएं, पास्टर, कुक, राजा और नौकर आदि शामिल थे। हालांकि, हम देखेंगे कि उनके हरेक जीवन में, उनके द्वारा किए गए आत्मिक निर्णय उनके शारीरिक जीवन या व्यवसाय से अधिक महत्वपूर्ण थे। क्या आप जानते हैं कि जब आप बड़े हो जाओगे तो आप क्या बनेंगे? क्या आप एक फायरमैन, डॉक्टर, इंजीनियर, पास्टर, शिक्षक, या मैकेनिक बनना चाहते हैं? जब हम अपने जीवन के बारे में सोचते हैं, तो हम अपने काम, या पद और समाज में हमारी हैसियत के बारे में सोचते हैं। हालांकि, ये चीजें परमेश्वर के लिए हमारे हृदय और उनके साथ के हमारे रिश्ते से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हैं। परमेश्वर के पास आपके जीवन के लिए एक विशेष योजना है!

आज की बाइबल कहानी में, हम सृष्टि के बारे में सीख रहे हैं, वह सप्ताह जिसमें परमेश्वर ने पृथ्वी को अस्तित्व में आने के लिए कहा। बाइबल बताती है कि विश्वास के द्वारा हम समझते हैं कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड परमेश्वर के वचन से निर्मित किया गया है, इसलिए जो देखा जा सकता है, वह उन वस्तुओं से नहीं बनी जो दिखाई देती है। (इब्रानियों 11:3) उत्पत्ति अध्याय 1 और 2 में बताए अनुसार आदि में परमेश्वर ने छह दिनों में पृथ्वी की सृष्टि की।

दिन 1: दिन और रात
दिन 2: आकाश और समुद्र
दिन 3: भूमि और पेड़-पौधे
दिन 4: सूर्य और चंद्रमा और सितारे
दिन 5: समुद्री मछलियाँ और पक्षियां
दिन 6: भूमि के जानवर और मनुष्य

बाइबल हमें पृथ्वी की शुरुआत का परमेश्वर की ओर से विवरण देती है, और यह भी कि हम कैसे बनाए गए। परमेश्वर ने हमारी पृथ्वी और सम्पूर्ण ब्रह्मांड को 6 दिनों में बनाया, और उसने आदम और हव्वा को पहले मनुष्य के रूप में बनाया और उन्हें अदन के बगीचे में रखा। 7वें दिन, परमेश्वर ने अपने काम से विश्राम किया।

लोगों ने कई अलग-अलग चीजों पर विश्वास किया है। बैजू की तरह, आप स्कूल जा सकते हैं जहां आप विकासवाद के बारे में सब कुछ सुनते हैं और यह भी कि यह पृथ्वी अरबों साल पुरानी है। कभी-कभी लोग हमारे अस्तित्व के लिए स्पष्टीकरण के साथ आते हैं जो परमेश्वर में विश्वास करने

से रोकते हैं, और वे इसे साबित करने के लिए विज्ञान को तोड़ते-मोड़ते हैं। मसीही होने के नाते, हम अतीत के प्रति अंधे नहीं हैं, क्योंकि हमें विश्वास हैं कि हमारे पास बाइबल नामक एक पुस्तक है, जो हमें दुनिया की शुरुआत का ऐतिहासिक विवरण देती है।
मैं परमेश्वर में विश्वास करता हूं, मेरा मानना है कि उसी ने ब्रह्मांड को बनाया और मेरा मानना है कि बाइबल मुझे इतिहास का एक सटीक विवरण देती है। परमेश्वर के पास मेरे जीवन की एक योजना है, और मैं उसमें विश्वास करने का चुनाव करता हूं।

संकल्प 1

बैजू जान सकता है कि लोग कई चीजें मानते हैं। लोग मानते थे कि दुनिया सपाट थी, लेकिन अब हम ऐसा विश्वास नहीं करते हैं। आज हम सीख रहे हैं कि परमेश्वर ने दुनिया और इसमें पाई जाने वाले सब चीज़ों बनाया है।

क्रियाकलाप 1

आपको सबसे ज़्यादा क्या पसंद है?
प्रत्येक बच्चे से पूछें कि उन्हें सृष्टि के प्रत्येक दिन के बारे में क्या पसंद है, और वे होते तो क्या बनाते।
दिन 1: आपको अधिक क्या पसंद है: उजियाला या अंधेरा?
दिन 2: क्या आप एक मछली की तरह तैरेंगे या उड़ेंगे?
दिन 3: आपको दिन और रात में अधिक क्या पसंद है?
दिन 4: आपका पसंदीदा पौधा या पेड़ क्या है?
दिन 5: आप कौन से पक्षियों या मछली को सबसे ज्यादा पसंद करते हैं?
दिन 6: आपका पसंदीदा जानवर कौन सा है?
दिन 7: छुट्टी के दिन आप क्या करते हैं?

समय-रेखा 1

आदम के जीवन के लिए एक रेखा खींचें।
प्रश्न: आदम कब पैदा हुआ? उत्तर: सृष्टि के 6वें दिन में
प्रश्न: आदम कितने समय तक जीवित रहा? उत्तर: 930 वर्ष।

पहेली उत्तर 1

आरम्भ में परमेश्वर ने उजियाला बनाया और देखा कि यह अच्छा था और उजाले को, "दिन," और अंधकार को "रात" कहा। दूसरे दिन परमेश्वर ने स्वर्ग बनाया। तीसरे दिन, परमेश्वर ने सूखी भूमि बनाई और जल को "समुद्र" और सूखे हिस्से को, "भूमि" कहा। फिर उसने वनस्पति बनाई; ऐसे पेड़ जिनके फल और बीज होते हैं जो फल पैदा करते हैं। चौथे दिन उन्होंने सूर्य, चंद्रमा और तारों को बनाया। पांचवें दिन उसने पक्षियों और समुद्र के जानवरों को बनाया। छठवें दिन, उसने जंगली और पालतू जानवरों को बनाया; उसने पुरुष और स्त्री को बनाया, उसने उन्हें आशीष दी और जो कुछ भी उन्होंने बनाया था, उस पर उन्हें अधिकार दिया।

ह	मि	म	6	ता	र	म	नु	स
भू	वि	जा	दि	स	मु	द्र	ब	स
ब	श	सं	न	ष्य	जा	श्व	ना	र
ना	य	सा	ज	व	सू	आ	या	वि
व	प	र	मे	श्व	र	क	भू	शे
शे	सू	श्व	रे	चाँ	व	का	सू	ष
ष	ह	ता	स्र	द	स्र	म	नु	ष्य
सृ	ष्टि	भ	मि	स	मु	द्ध	द्र	चाँ
ग्र	प	द	आ	का	श	ष्य	व	रे

प्रश्न और उत्तर 1

1. अगर परमेश्वर ने हमें रोबोट के रूप में बनाया होता तो हम कैसे होते? (कोई भी खा नहीं पाता, पी नहीं पाता, बल्कि यह हमारे आनंद को ख़त्म ही कर देता। हम गुलामों की तरह होते, हम स्वतंत्र नहीं होते)।
2. आप भविष्य में परमेश्वर की सेवा कैसे करना चाहते हैं? (विद्यार्थियों को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें। याद रखें कि परमेश्वर प्रत्येक जन को अलग-अलग वरदान देते हैं, और मसीह की देह में हाथ का महत्व आंख से बिलकुल भी कम नहीं है और न ही इसके विपरीत)।
3. हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णय क्या हैं? (आत्मिक निर्णय, परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारिता, किससे शादी करनी है, छोटी बातों में भी परमेश्वर की आज्ञा पालन करना आदि)।
4. मनुष्य कहां से आये हैं, किसी बंदर से, एक धमाके से या परमेश्वर से? (सही उत्तर तक पहुंचने से पहले चर्चा को बढ़ावा दें)।

खेल 1

बीनबैग (मुक्केबाजी का बैग)

छोटे भागों में विभाजित आयत के साथ एक बड़ा पोस्टर बोर्ड तैयार करें। इस खेल में, बच्चे आयत कहने के साथ अभ्यास करेंगे।

- शिक्षक एक बच्चे की ओर एक बीनबैग या गेंद फेंक कर खेल शुरू करता है। बच्चे को खड़े हो जाना चाहिए और आयत के पहले भाग को चिल्लाकर कहना होगा।
- इस बच्चे को अपने वाक्य को बोलने के बाद बीनबैग को दूसरे बच्चे के ओर फेंकना होगा जो इसे पकड़ता है और आयत के अगले भाग को कहता है।
- एक बच्चा खेल से बाहर होता है अगर वह:
  - o पद्यांश को जल्दी से नहीं कहता
  - o खड़ा नहीं होता
  - o अपने वाक्य को चिल्लाकर नहीं बोलता (बहुत ही धीरे से कहता है)
  - o या पिछले बच्चे के वाक्यांश को दोहराता है
- हर किसी की बारी होने के बाद, खेल को हर बार तेजी से बढ़ाते हुए खेला जा सकता है।

उपस्थिति 1

कक्षा में उपस्थित रहने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायकों का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:
सृष्टि

गृहकार्य 1

अमलीकरण
इस सप्ताह आपका गृहकार्य एक सेल्फी लेनी है या सृष्टि के सप्ताह के दौरान परमेश्वर ने जो कुछ बनाया है, उसकी सरल तस्वीर बनानी है।

सोमवार: दिन और रात के दौरान एक सेल्फी/ तस्वीर।
मंगलवार: यदि संभव हो तो एक आसमान को दिखाते हुए और दूसरा एक समुद्र, झील या नदी को दिखाते हुए सेल्फी/ तस्वीर।
बुधवार: पौधों और पेड़ों को दिखाते हुए एक सेल्फी/ तस्वीर।
गुरुवार: एक सूर्य का और दूसरा चंद्रमा या सितारों के साथ एक सेल्फी/ तस्वीर।
शुक्रवार: यदि संभव हो तो एक मछली और दूसरी पक्षियों में से एक के साथ सेल्फी / तस्वीर।
शनिवार: जानवरों और लोगों का एक सेल्फी/ तस्वीर।
रविवार: अपने गृहकार्य से एक ब्रेक लें।

पढ़ें

दिन 1: उत्पत्ति 3: 1-10
दिन 2: उत्पत्ति 3: 11-19
दिन 3: उत्पत्ति 3: 20- 4: 2
दिन 4: उत्पत्ति 4: 3-16
दिन 5: उत्पत्ति 4: 17-26

2. अपना हृदय उसे दो

नायक: हाबिल

उत्पत्ति 4:1-16, इब्रानियों 11: 4

याद करने की आयत 2

मरकुस 12:30 “अपने प्रभु परमेश्वर को अपने सम्पूर्ण हृदय, सम्पूर्ण प्राण, सम्पूर्ण बुद्धि और सम्पूर्ण शक्ति से प्रेम करो।’”

आवश्यक कहानी 2

यह शनिवार की काफी सुबह का समय था, जब कपिल के पिता उसके बैडरूम में आए, उसे जगाया और कहा, "बेटे, मेरी गाड़ी धो दो। मुझे बाद में जाना है, और मेरे पास अभी ऐसा करने का समय नहीं है।" कपिल जाग उठा और अपना गृहकार्य करना शुरू कर दिया, अपने घर के आंगन को साफ किया, और कचरा भी बाहर फेंका। उसने सब कुछ किया बजाय उस बात के जो उसके पिता ने उसे करने के लिए कहा था, क्योंकि वह ऐसा नहीं करना चाहता था। यह सब करने के बाद वह दुकान में गया और अपने पिता के लिए एक उपहार खरीदा। जब उसके पिता लौटे, तो कपिल ने उनके लिए दरवाजा खोला और उसे वह उपहार दिया जो उसने खरीदा था। उसके पिता ने उसका शुक्रिया अदा नहीं किया, न ही उसे गले से लगाया, क्योंकि वह बहुत दुखी था क्योंकि उसके बेटे ने वह नहीं किया जो कहा गया था।

मुख्य पाठ 2

"विश्वास के नायक" में आपका फिर से स्वागत है! कल हमने परमेश्वर पर विश्वास करना सीखा। हम इस तरह से जीना चाहते हैं जो दिखाता है कि हम परमेश्वर पर विश्वास करते हैं। आज हम दो भाइयों को देखने जा रहे हैं जिन्होंने परमेश्वर पर अपना विश्वास दिखाने के लिए कुछ किया, लेकिन वास्तव में एक ने परमेश्वर को प्रसन्न किया और दूसरे ने नहीं।

उत्पत्ति 4 में, हम देखते हैं कि आदम और हव्वा के दो बेटे थे, कैन जो एक किसान बना और हाबिल एक चरवाहा बन गया। दोनों अपने काम में से परमेश्वर को उपहार ले आये। कैन खेती की उपज में से कुछ भेंट ले आया, लेकिन हाबिल ने भी “अपनी भेड़ – बकरियों के कई एक पहिलौठे बच्चों की चर्बी” भेंट चढ़ाई।" जब उन्होंने देखा कि परमेश्वर ने हाबिल की भेंट को पसंद की लेकिन कैन की भेंट नहीं, तो कैन हाबिल से बहुत ज़्यादा नफरत करने लगा। परमेश्वर ने उसे चेतावनी दी, लेकिन परमेश्वर की बात सुनने की बजाय, कैन ने हाबिल को मार डाला!! अपने भाई की हत्या के लिए परमेश्वर ने कैन को दंडित किया। परमेश्वर से उसे उसके परिवार से बाहर निकाल दिया और कड़ी मेहनत कराई।

कभी-कभी जब हम परमेश्वर का अनुसरण करते हैं, तो हम परमेश्वर को प्रसन्न करने की बजाय नियमों का पालन करते रह जाते हैं। पहले बताई गई कहानी में कपिल की तरह, हम उस एक बात को छोड़कर परमेश्वर को खुश करने के लिए सबकुछ करने की कोशिश करते हैं, जिसे वह सबसे ज्यादा चाहता है। हम इस बात में सावधान रहते हैं कि बुरे शब्द न कहे या धूम्रपान न करे, और हम हर हफ्ते कलीसिया में जाने का भी ध्यान रखते हैं, लेकिन कभी-कभी हम ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि हम इस बात की परवाह करते हैं कि अन्य मसीही लोग हमारे बारे में क्या सोचेंगे। यीशु ने कहा कि यह दिखाता है कि अगर हम एक दूसरे से प्रशंसा चाहते हैं, लेकिन परमेश्वर को प्रसन्न करने की कोशिश नहीं करते हैं तो वास्तव में हम विश्वास नहीं करते हैं (यूहन्ना 5:44)। जब परमेश्वर ने कैन को बताया कि वह क्या करने की योजना बना रहा है, तो वह परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए अपना व्यवहार बदल सकता था। इसकी बजाय, कैन परमेश्वर द्वारा उसके भाई की भेंट को स्वीकार किए जाने के बारे में ही सोचता रहा। उसने परमेश्वर के विषय में ध्यान देने की बजाय अपने पद और अपने चोट खाये हुए गर्व पर ही विचार करता रहा! मरकुस 12:30 में परमेश्वर हमसे आग्रह करता है कि हम अपने पूरे हृदय से, पूरे मन से, और पूरी शक्ति के साथ उससे प्रेम रखें (व्यवस्थाविवरण 6: 5, लूका 10:27)। हाबिल ने परमेश्वर को अपना हृदय दिया; क्योंकि वह परमेश्वर से बहुत प्यार करता था, उसने परमेश्वर को अपने सर्वोत्तम में भी उत्तम दिया जो उसके पास था। क्या आप परमेश्वर को कैन की तरह एक खाली भेंट देंगे, या हाबिल की तरह अपना हृदय देंगे?

मैं परमेश्वर को वह देना चाहता हूं जो वह चाहता है: मेरा हृदय!

संकल्प 2

जब कपिल को एहसास हुआ कि उसके पिता ने कुछ भी नहीं कहा, तो वह कमरे में बहुत दुखी होकर गया। वह गुस्सा था क्योंकि वह सोच रहा था कि उसने जो भी किया था वह उसके पिता के लिए था, लेकिन उसके पिता ने उसे धन्यवाद भी नहीं दिया।

क्रियाकलाप 2

प्रेम को पकाने की विधि (रेसिपी)

कक्षा में प्रत्येक बच्चे के लिए एक रेसिपी तस्वीर की प्रतियां बनाएं। बच्चे उनमें रंग भर सकते हैं और घर ले जा सकते हैं।

2 कप दया के कर्म

2 कप आज्ञाकारिता के

4 चम्मच एक साथ मिलकर गुणवत्ता का समय

1 गिलास पानी प्यासे के लिए

1 बड़ा चमच्च स्नेह का

1 बड़ा चमच्च "पृथ्वी के नमक" का

समय-रेखा 2

हाबिल के जीवन के लिए रेखा खींचें।

प्रश्न: जब हाबिल पैदा हुआ तो आदम की उम्र क्या थी? उत्तर: कोई सटीक समय नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि आदम लगभग 50 वर्ष का था।

प्रश्न: हाबिल कितने समय तक जीवित रहा? उत्तर: कोई सटीक समय नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि वह लगभग 50 वर्षों तक जीवित रहा

पहेली उत्तर 2

BENAR ATAU SALAH

Lingkari gambar ini untuk benar dan gambar ini untuk salah

1. Habel adalah putra kedua dari Adam dan Hawa.
2. Kain suka merawat domba lebih dari yang dilakukan Habel.
3. Allah senang dengan kedua persembahan dari Kain dan Habel.
4. Kain marah dengan saudaranya dan membunuhnya.
5. Tuhan tidak menyadari bahwa Habel mati.

ला	ब	श्व	दे	फ	व्र	भा	ई	स्थि
स्थि	हा	म	ना	रा	ज़	ह	ख्र	त्र
खु	बि	श्व	र	श्व	म	ति	य	खु
फ	ल	ह्र	प	ण्ड	स्थि	ब	भू	ला
ज़	म	ला	पा	प	झ	कै	न	ऑ
का	ह	भू	उ	र	व	फ	य	घ
न	रु	बा	श्व	मे	भ	द	व	स्थि
झु	दे	भा	ह	श्व	ह्र	खु	भू	म
ण्ड	हा	बि	ल	र	भ	ई	न	मि



प्रश्न और उत्तर 2

1. किन परिस्थितियों में परमेश्वर को धोखा देना संभव होगा? (विभिन्न परिस्थितियों का सुझाव लेने का प्रयास करें, और तुरंत "कभी नहीं" न कहें हालांकि यह सही जवाब है)।
2. सभी अच्छे लोग स्वर्ग जाएंगे, सही है ना? (नहीं। "अच्छा" होने से हमें स्वर्ग में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिलती है। नया जन्म पाने से हमें स्वर्ग में प्रवेश करने की अनुमति मिलती है)।
3. क्या मुझे मसीह के लिए एक मूर्ख बनना है? (सभी क्षेत्रों में बुद्धिमान और मूर्ख लोग हैं जो मसीह का अनुसरण करते हैं)।

खेल 2

लक्ष्य पर निशाना लगाना

एक पोस्टर बोर्ड पर एक बच्चे की तस्वीर की प्रतिलिपि बनाएँ। एक लक्ष्य के लिए छेद बनाने के लिए चित्र में चिह्नित छायांकित भागों को काट लें।

• एक गेंद बनाने के लिए कागज के टुकड़े को मरोड़कर प्रत्येक बच्चे के लिए कागज़ की गेंद बनाएं।



• समझाएं कि उन्हें अपनी गेंद को दिल में बने छेद में डालना होगा। जब शरीर में कहीं और लगता है तो यह गिना नहीं जाता।

• जब एक गेंद दिल में प्रवेश करती है, तो बच्चा 1 अंक कमाता है। जो सबसे अधिक अंक कमाता है वही विजेता होता है।

उपस्थिति 2

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

हाबिल

गृहकार्य 2

अमलीकरण

इस सप्ताह आपका गृहकार्य है कि आपको आपके हृदय से कुछ देना है। बाइबल कहती है कि जो भी हम दूसरों के लिए करते हैं, हम प्रभु यीशु के लिए करते हैं (मत्ती 25:40), तो किसी की मदद करने या किसी को उनकी जरूरत के समय कुछ देने के अवसर की तलाश करें। सुनिश्चित करें कि आपके माता-पिता की अनुमति हो। कुछ भी खतरनाक न करो। ऐसा कुछ भी न दें ताकि आप बदले में कुछ प्राप्त कर सकें।

पढ़ें

दिन 1: उत्पत्ति 5: 1-8

दिन 2: उत्पत्ति 5: 9-16

दिन 3: उत्पत्ति 5: 17-24

दिन 4: उत्पत्ति 5: 25-32

दिन 5: उत्पत्ति 6: 1-8

3. परमेश्वर को प्रसन्न करें



नायक: हनोक

उत्पत्ति 5:21-24, इब्रानियों 11: 5-6

याद करने की आयत 3

योहन 14:23 "येशु ने उसे उत्तर दिया, "जो मुझ से प्रेम करेंगे, वे मेरे वचन का पालन करेंगे और मेरा पिता उन से प्रेम करेगा और हम उनके पास आएँगे और उनके साथ निवास करेंगे।."

आवश्यक कहानी 3

स्टैफी की एक सहेली किसी एक परेशानी में पड़ गई और सलाह मांगने के लिए स्टैफी के पास आई। उसने कहा, "मेरे माता-पिता मुझे अपने चचेरे भाई-बहनों के खेत में अकेले जाने नहीं देंगे, और मैं उनके साथ परमेश्वर के वचन को बांटना चाहती हूं। मुझे नहीं पता कि बिना उनकी अनुमति के मुझे जाना चाहिए कि नहीं। मुझे लगता है कि मुझे ऐसा करना चाहिए, लेकिन मैं नहीं जानती कि परमेश्वर किस बात में प्रसन्न होंगे। मुझे क्या करना चाहिए? मैं सोशल मीडिया पर भी यह पूछने जा रही थी कि मुझे क्या करना चाहिए। मैंने एक तस्वीर देखी जो मुझे उस बात को करने के लिए कहती है जो मुझे अच्छा लगता है, और मुझे मेरे चचेरे भाई-बहनों के खेत में जाना सही लगता है।"

मुख्य पाठ 3

'विश्वास के नायक' में आपका स्वागत है! हमने परमेश्वर पर विश्वास करना और उसे अपना पूरा हृदय देने के विषय में सीखा। हम इसे एक और कदम आगे ले जा रहे हैं। क्या आपने कभी अपने शिक्षक, अपने पिता या अपनी माँ को प्रसन्न किया है? यह वास्तव में काफी अच्छा लगता है जब कोई आपको बताता है कि आपने अच्छा काम किया है, सही है ना? वह अच्छी भावना आपके अंदर उमड़ आती है जब तक कि आपके चेहरे पर एक बड़ी मुस्कुराहट नहीं आ जाती। आइए एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानें जिसने परमेश्वर को प्रसन्न किया और यह भी सीखें कि हम कैसे परमेश्वर को प्रसन्न कर सकते हैं।

बहुत समय पहले हनोक नाम का एक आदमी रहता था। हमारे पास उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन हम जो जानते हैं वह बहुत ही अच्छा है। "हनोक परमेश्वर के साथ साथ चलता था; फिर वह लोप हो गया क्योंकि परमेश्वर ने उसे उठा लिया।" - उत्पत्ति 5:24 परमेश्वर ने उसे इतना पसंद किया कि उसे जिंदा ही स्वर्ग में ले गया! कितनी खास बात हैं! एक दिन हम उसे स्वर्ग में मिलने जा रहे हैं और हम सभी वहां एक साथ समय बिता सकते हैं। इब्रानियों 11:5-6 में हम पढ़ते हैं कि "उस की यह गवाही दी गई थी, कि उस ने परमेश्वर को प्रसन्न किया है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि परमेश्वर को अपनी आँखों से देखना उसे कैसा लगा होगा? यकीनन हनोक के चेहरे पर सबसे बड़ी मुस्कुराहट रही होगी!

वह तरीका जिस से हम परमेश्वर को प्रसन्न कर सकते हैं, वह उसके वचन में विश्वास करके और हनोक की तरह उसके साथ चलना है। इब्रानियों 11:6 कहता है, "और विश्वास बिना उसे प्रसन्न करना अनहोना है, क्योंकि परमेश्वर के पास आने वाले को विश्वास करना चाहिए, कि वह है; और अपने खोजने वालों को प्रतिफल देता है।" हम परमेश्वर में विश्वास करते हैं, और हम उसके वचन अर्थात् बाइबल पर विश्वास करते हुए और उसके अनुसार जीते हुए उसकी खोज करते हैं।

पहले हमने स्टैफी की सहेली के बारे में सुना था जो यह जानना चाहती थी कि क्या करना है। बाइबल अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने और उनका सम्मान करने के लिए कहती है, तो यही है जो उसे करना चाहिए।

बाइबल हमारे लिए परमेश्वर का वचन है। हम मानते हैं कि बाइबल परमेश्वर का अटल वचन है। (इसमें कोई गलती नहीं है) इस तरह हम इसे पढ़ सकते हैं और विश्वास कर सकते हैं कि जो भी यह कहती है वह सच है। इतना ही नहीं, बाइबल परमेश्वर का जीवित वचन है!!

यह जीवित कैसे हो सकता है?? परमेश्वर का वचन जीवित और प्रभावशाली है (इब्रानियों 4:12)। क्या आपने कभी बाइबल पढ़ी है और ऐसा लगा है कि शब्द उस पन्ने से ऊपर कूद कर आ रहे हैं, और यह वही शब्द थे जिसकी आपको उस दिन ज़रूरत थी? दुनिया भर में मसीहियों के

साथ अक्सर ऐसा होता है। यूहन्ना 1:14 कहता है कि जब यीशु मसीह आया, तो ऐसा था कि बाइबल एक व्यक्ति बन गया हो और वह मनुष्यों के साथ चला फिरा! जब हम बाइबल को पढ़ते और विश्वास करते हैं, तो यह ऐसा है कि हम हनोक की तरह परमेश्वर के साथ चल रहे हैं!
मैं परमेश्वर को प्रसन्न करना चाहता हूं, इसलिए मैं बाइबल में विश्वास करता हूं कि इसमें कोई गलती नहीं है और यह मसीही जीवन के लिए मेरी निर्देशों की पुस्तक है।

संकल्प 3

स्टैफी कहती है, "देखो सहेली,"बाइबल में, यह कहा गया है कि आपको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए और उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए। बाइबल यह भी कहती है कि आपको अपने अधिकारियों की बात माननी चाहिए। और परमेश्वर की इच्छा जानने का सबसे अच्छा तरीका मुझसे पूछना या सोशल मीडिया में ढूंढना नहीं है, बल्कि बाइबल से पढ़कर जानना है। यही वह स्थान है जहां परमेश्वर आपको बताते हैं कि वह क्या चाहता हैं कि आप करें।"

क्रियाकलाप 3

अगुवे का अनुसरण करों
इस क्रियाकलाप के लिए, बच्चे जोड़ों में काम करते हैं। बाइबल कहती है कि हनोक परमेश्वर के साथ चला, और यह इस प्रकार कहने से अलग है कि परमेश्वर हनोक के साथ चला। यदि आप किसी और के साथ चलना चाहते हैं, तो आपको आगे अनुसरण करना होगा, आगे बढ़ना होगा, या जब वे मुड़ेंगे तो आपको भी मुड़ना होगा। अपने जोड़े में बच्चों को कुछ मिनट दूसरे व्यक्ति का नेतृत्व करने दें, फिर अदला बदली करें और दूसरे को अगुवाई देने दें। यह जान लें कि कभी-कभी किसी का अनुसरण करना इतना आसान नहीं होता है, और आपको हमेशा सतर्क रहना चाहिए और किसी भी चीज़ के लिए तैयार होना चाहिए।

समय-रेखा 3

हनोक के लिए रेखा खींचें।
प्रश्न: जब हनोक का जन्म हुआ तो आदम कितने साल का था? उत्तर: 622 साल का
प्रश्न: हनोक कितने समय तक जीवित रहा? उत्तर: 365 साल

पहेली उत्तर 3



आ	द	प	तू	उ	शे	क	पा	पै
ल	स	र	ज	ब	ठा	ब	ना	या
सं	क	मे	चाँ	झु	न्न	लि	ब	श
चाँ	सा	श्व	ष्टि	स	भू	स्थि	या	का
उ	या	र	प्र	पै	दा	हु	आ	ह
जी	ठा	ई	गा	ग	प	र	ल	नो
स्थि	इ	स	य	वा	ण्ड	शे	मे	क
लि	श्वा	कै	ब	ही	तू	च	ला	श्व
वि	हु	आ	द	म	का	दा	खु	र



प्रश्न और उत्तर 3

1. क्या यह सच है कि परमेश्वर ने बाइबल लिखी? (परमेश्वर ने इसे नहीं लिखा, लेकिन उसने उन लोगों को विचार दिए जो इसे लिखते थे। बाइबल को 40 लोगों द्वारा लगभग 1500 वर्षों में लिखी गई)।
2. मैं सिद्ध क्यों नहीं हूँ? (इस बारे में बात करें कि कैसे परमेश्वर हमें जीवन का आनंद देना चाहते थे, इसलिए उसने हमें रोबोट नहीं बनाया। सभी मनुष्य गलतियां करते हैं, लेकिन परमेश्वर उसकी मदद करेगा जो उसका अनुसरण करता है। आत्म-सम्मान, प्रेम और परमेश्वर के अनुग्रह के बारे में भी बात करें)।
3. हम परमेश्वर को कैसे प्रसन्न कर सकते हैं? (उसे हमारे हृदय देकर, उसकी आज्ञाओं को मानकर, और उसके साथ समय बिताकर)।

खेल 3

पंचग्रंथ रिले



कागज की पांच शीटों पर, बाइबल की पहली पांच पुस्तकों में से एक का नाम लिखें और नीचे उल्लेखित समानांतर गतिविधि की एक आकृति को लिखें।

एक अन्य शीट पर "पंचग्रंथ" लिखें। एक प्रारंभिक रेखा को रिबन या कुर्सी के टुकड़े से चिह्नित करें और "पंचग्रंथ" शीट को लक्ष्य के रूप में रखें।

अपने स्थान की उपलब्धता के अनुरूप लक्ष्य से जितना दूर हो सके, वहां विभिन्न स्थानों पर बाइबल की किताबों के नाम के साथ पांच शीटों को रखें।

गतिविधियाँ

- उत्पत्ति: अंगों को खींचें
- निर्गमन: पालथी मारकर बैठना।
- लैव्यव्यवस्था: कूदना।
- गिनती: तेजी से घूमना
- व्यवस्थाविवरण: एक पैर पर कूदना।

खेलें

• एक रिले दौड़ कराने के लिए 2 टीम बनाएं।
• प्रत्येक टीम में से एक विद्यार्थी एक ही समय में निश्चित लीक पर भागता है।
• प्रत्येक कागज़ तक पहुंचने के बाद, एक विद्यार्थी बाइबल की किताब का नाम चिल्लाता है, प्रत्येक अक्षर के लिए दिए गये गतिविधि की ओर संकेत करते हुए।
• पंचग्रंथ की प्रत्येक पुस्तक को समाप्त करने के बाद, विद्यार्थी तब भागता है और लक्ष्य को छूता है, और तब अगली टीम का सदस्य शुरू करता हैं।
• टीम के सदस्यों को अब तक पहुंचे गए किताबों में से एक अलग पुस्तक की ओर भागना होगा ।
• पहली टीम जो सभी पांच पुस्तकों तक पहुंच चुकी है और जिन्होनें लक्ष्य को छू लिया है वह टीम जीतती है।
खेल को तब तक दोहराएं जब तक कि सभी बच्चे बाइबल की पहली पांच किताबें सीख नहीं लेते।

उपस्थिति 3



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक के खेल को खेल सके! आज का कार्ड है:
पंचग्रंथ

गृहकार्य 3

अमलीकरण
इस सप्ताह आपका गृहकार्य नए नियम में से कुछ कहानियों को पढ़ना है और यीशु को आपके साथ चलते हुए देखना है। उन समयों के बारे में लिखें जब आपको लगता है कि उसने आपकी मदद या दूसरे किसी की मदद की है क्योंकि आपने उससे प्रार्थना की थी। कभी-कभी वह हमें विचार भी देता है, ताकि आप यीशु द्वारा दिए गए विचारों को लिख सकें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विचार बाइबल के साथ सहमत हैं, अपने शिक्षक से उसकी जांच करवाएं।
पढ़ें
दिन 1: उत्पत्ति 6: 9 -22
दिन 2: उत्पत्ति 7: 1-12
दिन 3: उत्पत्ति 7: 13-24
दिन 4: उत्पत्ति 8: 1-12
दिन 5: उत्पत्ति 8: 13-22

4. परमेश्वर की आज्ञा मानें

नायक: नूह

उत्पत्ति 6: 9-9: 17, इब्रानियों 11: 7

याद करने की आयत 4

याकूब 1:22 “आप लोग अपने को धोखा नहीं दें। वचन के श्रोता ही नहीं, बल्कि उसके पालनकर्ता भी बनें।.”

आवश्यक कहानी 4

क्रिस के माता-पिता एक यात्रा पर गए, इसलिए क्रिस अपने चचेरे भाई के घर पर रूका। जाने से पहले, उसके पिता ने उससे रात में बाहर जाने के लिए मना किया और बताया कि यह खतरनाक होगा। वे इस यात्रा पर आश्वस्त रहना चाहते थे कि वह रात में बाहर नहीं जायेगा। "ठीक है पिताजी, मैं कहीं नहीं जाऊंगा," क्रिस ने उनसे कहा। उसके माता-पिता के जाने के बाद, उसी रात, उसके चचेरे भाई ने उसे उनके साथ शहर जाने के लिए आमंत्रित किया। उसे यह विचार बहुत पसंद आया, इसलिए उनके साथ जाने के लिए उसने अपने कपड़ों को बदलना शुरू कर दिया। "ठीक है, चलते हैं," सब ने कहा।

मुख्य पाठ 4

क्या आपने कभी ऐसा कुछ कहा है, "मैं बड़ी मकड़ी से नहीं डरता" लेकिन जब आप एक ऐसी मकड़ी को देखते हैं तो चिल्ला उठते हो और वहां से भाग खड़े होते हो? या कभी आपने अपनी माँ या पिताजी से कहा है कि आप जो कुछ भी कहेंगे, वह करेंगे, लेकिन बात नहीं मानते? पिछले हफ्ते हमने परमेश्वर के वचन पर विश्वास करना सीखा, लेकिन इस प्रकार कहना और जो भी यह कहता है उसे नहीं करना काफी आसान है! याकूब 2:26 कहता है कि अगर हम कर्म नहीं करते, तो हमारा विश्वास मरा हुआ है। आज हम एक ऐसे व्यक्ति के बारे में सीखने जा रहे हैं जिसका विश्वास काफी जीवित था।

बाइबल हमें बताती है कि एक बार परमेश्वर ने पूरी धरती को बाढ़ से नष्ट करने का फैसला किया क्योंकि सभी लोग बुरे हो गए थे। परमेश्वर ने नूह को, जो पूरी पृथ्वी पर एकमात्र धर्मी व्यक्ति था, एक जहाज बनाने के लिए कहा (वास्तव में एक बड़ा जहाज)।

विभिन्न कारणों से परमेश्वर की आज्ञा पालन करना मुश्किल हो सकता है। कभी-कभी हम चाहते भी नहीं हैं। बाइबल यह नहीं कहती कि नूह ने क्या सोचा था, लेकिन मुझे लगता है कि वह पहले कोई जहाज नहीं बना रहा था और अब उसे परमेश्वर की आज्ञा मानने के लिए अपने आप को बदलना पड़ा।

कभी-कभी आज्ञा मानना मुश्किल होता है क्योंकि हम समझ नहीं पाते। जहाज बनाने के लिए लगभग 100 साल लग गए, और नूह ने केवल नीले आसमान को ही देखा था और बाढ़ का कोई संकेत नहीं देखा था! एक छोटा बच्चा व्यस्त सड़क के खतरे को नहीं समझ सकता है, लेकिन उसे अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए और इससे दूर रहना चाहिए। क्या आपके माता-पिता ने कभी आपको कुछ ऐसा करने के लिए कहा है जिसे आप समझ नहीं पाए थे?

कभी-कभी आज्ञा मानना मुश्किल होता है क्योंकि हम इस बात से डरते हैं कि लोग हमारे बारे में क्या सोचेंगे। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि नूह हर किसी के सामने कितना अजीब लग रहा था? लेकिन अगर वे भविष्य को देख पाते, तो उन्होंने मदद की होती और जहाज में जगह के लिए कहा होता!

कभी-कभी हमें लगता है कि यह असंभव होगा। परमेश्वर ने नूह को जहाज पर प्रत्येक जानवर की एक जोड़ी ले जाने के लिए कहा। बिल्लियों को पानी और हिलने डुलनी वाली चीज़ें जैसे कि नाव से नफरत होती है और वे सुनती नहीं हैं! नूह को न केवल बिल्लियां, बल्कि शेरों और भेड़ों और सभी जानवरों को एक साथ रखना था!

फिर भी नूह ने आज्ञा का पालन किया और जहाज बनाया। तब जानवरों ने भी परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया और अपने आप उस जहाज पर आ गए! पूरी धरती पर एक साल और 10 दिनों तक जल प्रलय रही, और सबकुछ नष्ट हो गया! बाइबल बताती है कि जो आज्ञाओं को मानता है वह अपना जीवन बचाए रखता है (नीतिवचन 19: 16)। नूह की आज्ञाकारिता के कारण, न केवल वह बचाया गया था, बल्कि उसका परिवार और सभी अलग-अलग जानवरों को भी बचाया गया। यदि आप परमेश्वर की आज्ञा पालन करते हैं, तो यह दूसरों को भी बचा सकता है। पहले हमने क्रिस नाम के एक लड़के के बारे में सुना। जब वह अपने चचेरे भाईयों के साथ बाहर जाने वाला था, तो उसे याद आया कि उसके माता-पिता ने क्या कहा था और अपने चचेरे भाई से कहा कि वह नहीं जाएगा।

परमेश्वर ने वादा किया है कि मेघधनुष को एक चिन्ह के रूप में देखते हुए वह फिर कभी बाढ़ से पृथ्वी को नष्ट नहीं करेंगे। हर बार जब आप एक मेघधनुष को देखते हो, तो परमेश्वर के वादे के बारे में सोचें और यह भी कि आप कैसे नूह की तरह परमेश्वर की आज्ञा पालन कर सकते हैं।

मैं परमेश्वर का पालन करना चुनता हूं क्योंकि यह महत्वपूर्ण है।

संकल्प 4

लेकिन जाने से पहले, क्रिस ने अपने पिता के शब्दों को याद किया, और अपने चचेरे भाईयों से कहा कि वह नहीं जाएगा। क्रिस ने अपने माता-पिता की आज्ञा पालन करने का फैसला किया।

क्रियाकलाप 4

नूह कहता है



आइए, एक क्रियाकलाप करते हैं जिसका नाम "नूह कहता है" रखते हैं जिसमें बच्चों को "नूह" की आज्ञा का पालन करने की आवश्यकता होती है। (यह एक परिचित खेल "साइमन कहता है" की तरह ही है) नूह प्रतिभागियों के सामने खड़ा होता है, फिर विभिन्न कार्यों को करने का आदेश देता है। अगर नूह कहता है, "नूह कहता है, 'ऊपर और नीचे कूदो', तो बच्चों को ऐसा करना चाहिए। अगर वह "नूह कहता है" कहे बिना कहता है 'ऊपर और नीचे कूदो' तो बच्चों को कुछ भी नहीं करना होगा। वह खिलाड़ी जो नूह के आदेश के पालन करने में विफल रहता है, और आदेश के पहले "नूह कहता है" सुने बगैर हिलता या कार्य करता है, अयोग्य हो जाता है। खेल तब समाप्त होता है जब एक बच्चा बाकी बच जाता है या जब सभी बच्चों को अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

समय-रेखा 4

नूह के जीवन के लिए रेखा खींचें।

प्रश्न: हनोक के जन्म से नूह के जन्म तक कितने साल बीत गए? उत्तर: 434 साल

प्रश्न: नूह कितने साल तक जीवित रहा? उत्तर: 950 वर्ष ।

पहेली उत्तर 4

घ	ह	बा	ख	रा	आ	ज्ञा	त	वि
नू	में	ढ़	नु	ष	ध	नि	दी	श्वा
ध	प	रि	वा	र	म्मा	पा	रि	स
मे	श्व	र	कि	स	वि	दि	प	कि
कि	वि	ढ़	मे	घ	ध	नु	ष	या
प	मु	दा	द्र	श्व	प	ज	ह	ज
रि	य	जा	न	व	र	दी	म	घ
वा	ष	कि	श्वा	ढ़	ज्ञा	जा	पृ	थ्वी
र	ज	हा	ज	आ	दि	र	श्वा	नु



प्रश्न और उत्तर 4

1. मेरे माता-पिता हमेशा मुझे क्यों बताते रहते हैं कि क्या करना है? (क्योंकि वे आपको बहुत प्यार करते हैं और आपके लिए सबसे अच्छा चाहते हैं। इस तथ्य पर चर्चा करना भी अच्छा होगा कि माता-पिता भी मनुष्य ही हैं और गलतियां करते हैं)।
2. क्या होगा यदि परमेश्वर की आज्ञा न मानना मुझे लोकप्रिय और फैशनेबल बनाता है? (इससे संबंधित विभिन्न स्थितियों पर बात करें। अपने विद्यार्थियों को यह पहचानने में सहायता करें कि ऐसे समय होंगे जब उन्हें यह तय करना होगा कि परमेश्वर की आज्ञा मानना है या लोकप्रिय होना है)।
3. क्या मैं बाद में हमेशा खुशी से रहूँगा? (बचपन के किस्सों पर चर्चा करें, भौतिक चीज़ों के साथ खुशी, पृथ्वी पर एक परिपूर्ण जीवन कैसा होगा, अनंत काल के लिए खुश रहना क्या होता है, आदि)।

खेल 4

राजा और रानी से पूछो!

- राजा और रानी की भूमिका निभाने के लिए दो बच्चों को चुनें।
- उन्हें दो कुर्सियों पर बच्चों के सामने उनके सिंहासन के रूप में बिठायें।
- एक बार जब वे तैयार हो जाएं, शिक्षक पहले रानी से पूछता है, "आप क्या चाहती हैं?"
- रानी कमरे में से कुछ मांगती है, और सभी बच्चे उस वस्तु को लाने के लिए दौड़ते हैं, रानी के लिए लड़कियां भागें और राजा के लिए लड़के।
- फिर शिक्षक राजा से पूछता है कि वह क्या चाहता है, और विद्यार्थी अपने राजा या रानी से पूछे गए सामान को लाने की कोशिश करते हैं।
- दिए गये समय के अंतराल में खेल को जारी रखें।
- टीम जो सबसे तेज़, अधिक सम्मानजनक, आज्ञाकारी होंगे, वह टीम विजेता होगी।

उपस्थिति 4



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें ताकि वे नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

नूह

गृहकार्य 4

अमलीकरण

इस सप्ताह आपका गृहकार्य एक या अधिक बार यह लिखना है कि आप ऐसा कुछ करने के लिए प्रलोभित हुए थे जो परमेश्वर आपसे न करने की अपेक्षा करते थे, लेकिन आपने परमेश्वर का अनुसरण करने का फैसला किया।

पढ़ें

दिन 1: उत्पत्ति 15:1-6

दिन 2: उत्पत्ति 15:7-21

दिन 3: उत्पत्ति 21:1-6

दिन 4: उत्पत्ति 22:1-10

दिन 5: उत्पत्ति 22:11-19

5. परीक्षा में विजय पायें

नायक: अब्राहम

उत्पत्ति 12:1-7, 15:1-6, 21:1-3, 22:1-19, इब्रानियों 11:8-19

याद करने की आयत 5

याकूब 1:12 "धन्य है वह, जो विपत्ति में दृढ़ बना रहता है! परीक्षा में खरा उतरने पर उसे जीवन का वह मुकुट प्राप्त होगा, जिसे प्रभु ने अपने भक्तों को देने की प्रतिज्ञा की है।"

आवश्यक कहानी 5

यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा थी। प्रत्येक व्यक्ति को इस परीक्षा के लिए तैयार होना था, क्योंकि वे यह जानने के लिए इन परिणामों का उपयोग करेंगे कि "ज्ञान-ओलंपिक" में कौन जाएगा। यही कारण था कि पिंकी पूरे दिन बिना खेलने के लिए बाहर गई पढ़ने में लगी रही – वह प्रथम स्थान पाना चाहती थी। फिर वह दिन आ ही गया। हर कोई अपनी कुर्सी पर अपने तेज नुकीले पेंसिल के साथ तैयार था। शिक्षक पहुंचती है और उन्हें प्रश्न पत्र देती हैं। पिंकी की हैरानी के लिए, उसने जिस विषय की तैयारी की थी, उसकी बजाय आज की परीक्षा एक अलग विषय पर थी।

मुख्य पाठ 5

• अंत में, अंडे को बच्चे के सिर के ऊपर तोड़ दें। (बच्चों से छिपकर किसी पत्थर से उस अंडे को तोड़ो। बच्चे के सिर पर मत मारना क्योंकि इससे दर्द होता है)। पहले ही सुनिश्चित करें कि बच्चा जानता है कि वह "गन्दा" होने जा रहा है। यह एक बहुत ही सामर्थी दृश्य सबक है।

10 आज्ञाएं

1. किसी अन्य को परमेश्वर करके न मानना
2. कोई मूर्ति न बनाना न उनकी आराधना करना
3. व्यर्थ में परमेश्वर का नाम न लेना
4. विश्रामदिन को पवित्र मानना
5. अपने पिता और अपनी मां का आदर करना
6. हत्या न करना
7. व्यभिचार न करना
8. चोरी न करना
9. झूठी गवाही न देना (किसी को परेशानी में डालने के लिए झूठ बोलना)
10. लालच न करना

पहेली उत्तर 9

स	प	रौ	मू	फि	ला	यां	आ
झा	ड़ी	र	सा	छो	त्ति	री	शि
बा	शु	ठी	मे	प	ड़	ह	त्या
टो	द	छो	वि	श्व	शु	ना	झा
क	ला	ल	सा	ग	र	न	टो
री	ठी	शि	आ	न	रौ	मि	स
श्व	र	शु	ड़	फि	त्या	ल	री





प्रश्न और उत्तर 9

1. अगर परमेश्वर मुझे माफ कर देते हैं, तो इससे क्या फर्क पड़ता है गर मैं पाप करता हूँ? (रोमियों 7 की दुविधा। अगर परमेश्वर हमें क्षमा करेंगे तो पाप न करने के प्रति सावधान क्यों रहें? पाप हमेशा परमेश्वर के विरूद्ध है और उसे दंडित किया जाना चाहिए। यीशु हमें क्षमा करता है, लेकिन हमेशा पाप के परिणाम होते हैं। उदाहरण के लिए, यदि मैं कक्षा में दुर्व्यवहार करता हूं, तो परमेश्वर मुझे माफ कर सकते हैं लेकिन मुझे दंडित किया जाएगा)।

2. क्या होगा अगर मैं कुछ बहुत बुरा करता हूं? (इस सवाल के साथ विचार यह है कि विद्यार्थियों को यह जानने में मदद करना कि परमेश्वर बड़े पापों को भी माफ कर देते हैं, लेकिन हमें पश्चाताप करने और क्षमा मांगने की ज़रूरत है। इसके अलावा, अगर हम किसी को बहुत बुरी तरह चोट पहुंचाते हैं, तो हम जेल जा सकते हैं भले ही परमेश्वर ने हमें क्षमा कर दिया है। ऐसी चीजें हैं जो दवाईयों, हिंसा या लैंगिकता से जुड़ी हैं जो हमारे पूरे भविष्य को उन तरीकों में बदल सकती हैं जिन्हें हम नहीं चाहते हैं)।

3. क्या यह ठीक है अगर मैं कुछ अच्छा करने की कोशिश कर रहा था, और मैंने कुछ गलत कर दिया? (यह हमारे उद्देश्यों और हमारे कार्यों के बीच की लड़ाई है। परमेश्वर हमारे उद्देश्यों की परवाह करते हैं, लेकिन पौलुस पूछता है, "क्या हमें पाप करना जारी रखना चाहिए ताकि अच्छा परिणाम मिले?" जवाब है, "निश्चित रूप से नहीं!" - रोमियों 3:5- 8)।

उपस्थिति 9

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:



मूसा

गृहकार्य 9

अमलीकरण

आपका गृहकार्य यह लिखना है कि जब आप पाप करते हैं तो आप कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, जैसे छुपाना या इसके बारे में झूठ बोलना, एक और पाप। कभी-कभी हम यह कहते हुए खुद को दंडित करते हैं, "मैं बहुत अच्छा व्यक्ति नहीं हूं, इसलिए मुझे ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए," और निराश हो जाएं। लेकिन सबसे अच्छी प्रतिक्रिया यह स्वीकार करना है कि हमने पाप किया है और यीशु से उस पाप को क्षमा करने के लिए प्रार्थना करें। परमेश्वर नहीं चाहते हैं कि आप अपने पाप के बारे में उदास रहें। वह इसे माफ करना चाहता है, इसलिए आप अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वतंत्र हो सकते हैं।

पढ़ें

दिन 1: गिनती 13: 1-3, 17-25
दिन 2: गिनती 13: 26-33
दिन 3: गिनती 14: 1-9
दिन 4: गिनती 14: 10-16
दिन 5: गिनती 14: 17-24

10. हां, आप कर सकते हैं

नायक: कालेब

गिनती 13: 1-3, 13: 17-14: 9, 14: 7-24, 14: 30-45

याद करने की आयत 10

प्रेरितो 1:8 “किन्तु पवित्र आत्मा तुम पर उतरेगा और तुम्हें सामर्थ्य प्रदान करेगा और तुम यरूशलेम में, समस्त यहूदा और सामरी प्रदेशों में तथा पृथ्वी के अन्तिम छोर तक मेरे साक्षी होगे।”

आवश्यक कहानी 10

सन्डे स्कूल में, पिंकी ने सीखा कि परमेश्वर चाहता है कि हम अपना विश्वास दूसरों से बाँटें ताकि अन्य बच्चे भी यीशु में विश्वास कर सकें। सोमवार को, जब वह भोजन-अवकाश के बाद कक्षा में वापस जा रही थी, तो पिंकी ने एक लड़की को अकेले एक बेंच पर बैठा देखा। कक्षा में जाने के रास्ते में, उसने अपने दोस्त कपिल से कहा, "क्या तुमने उस लड़की को बेंच पर देखा था? मैं यकीन से कह सकती हूँ कि वह अकेली है।" कपिल ने कहा,"अरे, शायद तुम जाके उसे खुश कर सको। तुम उसे यीशु के बारे में भी बता सकती हो और उसे कलीसिया में आमंत्रित कर सकती हो, ताकि वह आगे अकेली न रहे।" पिंकी ने कहा,"लेकिन मैं क्या कर सकती हूं? मुझे नहीं पता कि उसे क्या कहना चाहिए। और मेरे दूसरे अन्य दोस्त मेरे बारे में क्या सोचेंगे?"

मुख्य पाठ 10

सैकड़ों वर्षों के बाद, परमेश्वर अब्राहम, इसहाक और याकूब को दिए अपने वादे को पूरा करने के लिए इस्राएल की अगुवाई कर रहा था। परमेश्वर ने मूसा को उस वादा किए गए देश का भेद जानने के लिए 12 जासूसों को भेजने के लिए कहा। उन्होंने वापस आकर कहा कि भूमि में दूध, शहद और अंगूर इतने बड़े थे कि दो पुरुषों को उन्हें लाठी पर ले आना पड़ा! जासूसों में से 10 ने कहा कि वहां लोग काफी ऊँचे थे और वे उस भूमि को नहीं ले सकते। लेकिन जासूसों में से एक, कालेब ने उन्हें रोका, और कहा, "हम निश्चित रूप से ऐसा कर सकते हैं।" उसका विश्वास था कि उनका शक्तिशाली परमेश्वर उनकी मदद जरूर करेंगे। परमेश्वर इस तरह के विश्वास से प्रेम करता है।

लेकिन लोगों ने अन्य जासूसों पर विश्वास किया, वे डर में डूब गए, और वहां जाने से इनकार कर दिया। परमेश्वर उनसे नाराज हुए, और उन 10 पुरुषों की सजा मृत्यु थी! उस पूरे देश की सजा मरूस्थल में चारों ओर घूमना था। जब उन्होंने आज्ञा नहीं मानी, तो वे आसानी से हार गए क्योंकि परमेश्वर उनके साथ नहीं थे। 40 वर्षों तक घूमने के बाद, उस पीढ़ी में से केवल एक ही व्यक्ति कालेब और दूसरा जासूस यहोशू जो उसके साथ सहमत था, जीवित बचे। अपने विश्वास के इनाम के रूप में, परमेश्वर ने उन्हें वह भूमि दी जो उन्होंने देखी थी।

आज पहले हमने देखा था कि पिंकी डर गई थी, लेकिन कपिल अपने विश्वास के प्रति साहसी था और उसने पिंकी की मदद की। परमेश्वर प्रसन्न होता है जब हम अपने विश्वास के लिए खड़े होते हैं और ऐसी बातों में उसकी आज्ञा मानते हैं जो असंभव लगती है। परमेश्वर के पास आपके जीवन के लिए एक योजना है जो कि आपकी कल्पना से परे है, यदि आप “हाँ” कहते हैं।

यीशु ने कहा कि यदि आपको सरसों के बीज के जितना भी विश्वास है, तो आप पहाड़ों को हटा सकते हैं (मत्ती 17:20)। हम अपनी कलीसिया के अगुवों के साथ सेवा करके और और उनका अनुसरण करके हमारे विश्वास को बीज की तरह बढ़ा सकते हैं। यहोशू मूसा का निजी सहायक था (निर्गमन 24:13)। मूसा परमेश्वर के साथ बात करने के लिए तम्बू में जाता था, लेकिन जब वह चला जाता था, तो यहोशू अकेले तम्बू में परमेश्वर के साथ रहता था (निर्गमन 33:11)। हम बाइबल पढ़ने, प्रार्थना करने और अन्य लोगों के साथ ही नहीं, बल्कि जब हम अकेले होते हैं, तब भी गीतों को गाकर हम परमेश्वर के साथ समय बिता सकते हैं। हम बाइबल में और अपने जीवन में परमेश्वर द्वारा की गई बातों को याद कर सकते हैं। कालेब और यहोशू ने मिस्र में किए गए चमत्कारों को देखा था। हम उन मित्रों को चुन सकते हैं जो हमें प्रोत्साहित करते हैं, जैसे कि यहोशू सभी को प्रोत्साहित करने के लिए कालेब के साथ जुड़ गया था। इसके विपरीत, बाकी इस्राएल उन जासूसों के साथ मिल गए जिन्होंने विश्वास नहीं किया था। अगर किसी मित्र का अविश्वास आपको प्रभावित कर रहा है, तो आप उनसे खुद को दूर कर सकते हैं और उन मित्रों के साथ अधिक

समय बिता सकते हैं जो विश्वास करते हैं। अपने विश्वास पर काम करें ताकि जब परमेश्वर आपको बुलाता है, तो आप न केवल उसका पालन कर सकते हैं और अपने लिए उस अद्भुत जीवन को जीते हैं, जो उसने आपके लिए तैयार कर रखा हैं, बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

मैं परमेश्वर को "हाँ" कहना चुनता हूं। हे परमेश्वर, मैं आपको जो कुछ भी आप चाहते हैं उसे करने का पूरा नियंत्रण देता हूँ, चाहे वह बड़ा, छोटा, या यहां तक कि खतरनाक ही क्यों न हो। मेरा जीवन आपका है। मुझे डर या गुस्से में बिना आपके लिए जीने में मदद कीजिये। मेरे लिए आपकी बड़ी योजनाओं को देखने के लिए कृपया मेरी आंखें खोल दीजिये। धन्यवाद।

संकल्प 10

दोपहर के भोजन पर कपिल ने कहा, "अरे, क्या होगा अगर मैं तुम्हारे साथ आऊं? चलो, उस बेंच पर बैठी लड़की के पास वाली टेबल पर बैठते हैं। मुझे भी नहीं पता कि उससे क्या कहना है, लेकिन शायद परमेश्वर हम दोनों को उसके प्रति दयालु होने में मदद करेंगे।" पिंकी खुश थी कि कपिल उसका मित्र था और उस लड़की के साथ अपने विश्वास को बांटने में मदद कर सकता था। उस लड़की को घर में कई समस्याएं थीं लेकिन नए दोस्त बनाके और यह सीखके कि यीशु उससे प्यार करता है, वह अब बहुत बेहतर महसूस कर रही थी।

क्रियाकलाप 10

परमेश्वर को पत्र लिखें



इस क्रियाकलाप में, कक्षा में प्रत्येक बच्चा परमेश्वर को एक पत्र लिखता है कि वे क्या चाहते हैं कि परमेश्वर उनके जीवन के साथ करें। बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करें – क्योंकि परमेश्वर बड़ा है। बच्चों को पूरे सप्ताह के दौरान इस विषय के लिए घर पर प्रार्थना करने को कहें और यदि वे चाहते हैं तो और भी चीजें जोड़ सकते हैं।

समय-रेखा 10

कालेब के जीवन के लिए रेखा खींचें।

प्रश्न: जब कालेब का जन्म हुआ तब मूसा कितने वर्ष का था? उत्तर: हमारे पास उसकी सही उम्र नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि तब मूसा 40 वर्ष का था।

प्रश्न: कालेब कब तक जीवित रहा? उत्तर: हमारे पास सही समय की जानकारी नहीं है लेकिन ऐसा माना जाता है कि वह 110 साल जीवित रहा।

पहेली उत्तर 10

लो	वा	य	दा	ड़ा	ब	प	ड़
दू	हो	भे	झु	क	ना	र	दि
शू	श	ह	द	ड़ा	प	मे	भे
श्व	का	ले	ब	ना	या	श्व	दि
अ	ना	ड़	ज	झु	व	र	ये
च्छा	ब	हा	र	न	क्र	लो	ग
झु	ज	न	जा	ति	स	न	आ
भू	मि	मे	दू	ध	ज़ा	शू	च्छा





प्रश्न और उत्तर 10

1. परमेश्वर ने आपको किन कठिन बातों को करने के लिए कहा है? (अपने विद्यार्थियों से उनके जीवन में विभिन्न स्थितियों के बारे में बात करें)।
2. क्या होगा यदि मैं खुद को चोट पहुंचाता हूं या मुझे किसी मुश्किल परिस्थिति में गुजरना पड़ता है जिसमें मुझे विश्वास है कि परमेश्वर ने मुझे ऐसा करने के लिए बुलाया है? (कईयों ने परमेश्वर की आज्ञा पालन करने के अपने जीवन भी खो दिए हैं, इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना मुश्किल है, परमेश्वर की आज्ञा मानना हमेशा उसकी आज्ञा ना मानने से बेहतर होता है)।
3. मैं कैसे यकीन कर सकता हूं कि मैंने परमेश्वर की आवाज़ सुनी है? (आप इन 3 सुझाए गए नियमों के साथ किसी निर्णय को जांच सकते हैं:

1. बाइबल: क्या आपको लगता है कि यह बाइबल में यह एक अच्छी बात है?
2. मेरे अधिकारीगण: मेरे माता-पिता, या मेरे पास्टर क्या कहते हैं; और,
3. मेरी आत्मा : बाइबल कहती है कि हम अच्छे चरवाहे की भेड़ें हैं और उसकी आवाज़ को पहचान सकते हैं। हमें सीखना चाहिए कि जब हम ऐसा महसूस करते हैं कि हमें कुछ करना चाहिए या नहीं करना चाहिए तो हमें अपनी आत्मा का आवाज़ को कैसे सुनना चाहिए। इन नियमों को मानने से, यदि हम निर्णय करते हैं कि यह परमेश्वर की आवाज़ है, तो हमें तुरंत आज्ञा माननी चाहिए, भले ही यह असंभव सा ही क्यों न लगता हो!)

खेल 10

कौन गायब हो गया?

• बच्चे एक गोल घेरे में बैठते हैं और अपनी आंखें बंद कर लेते हैं।

• शिक्षक एक बच्चे को छूता है, जो छिपने के लिए जाता है।

• बच्चों को यह अनुमान लगाने के लिए कहें कि कौन गायब हो गया है।

• विकल्प: आप घेरे के बीच में कई वस्तुओं को डाल सकते हैं। जबकि बच्चों की आंखें बंद होती हैं, तो शिक्षक उनमें से एक को हटा देता है और बच्चों को अनुमान लगाना होता है कि कौन सी चीज़ हटा दी गई है।

उपस्थिति 10

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

ऐतिहासिक किताबें

गृहकार्य 10

अमलीकरण

इस हफ्ते आपका काम उन पांच अच्छी बातों को लिखना है जो परमेश्वर ने आपके लिए किए हैं। फिर सोचें कि आपके जीवन में वह कौन है जो इस बात से सहमत होगा कि वे अच्छी चीजें हैं। ये वे लोग हैं जिनके साथ आप सबसे अधिक समय बिताना चाहते हैं। इस बारे में सोचें कि आप जो कुछ भी करते हैं, उसे आप कैसे बदल सकते हैं ताकि आप उन दोस्तों के साथ अधिक समय बिता सकें। आपके पास पहले से ही कुछ विश्वास है। इससे आपके विश्वास को बढ़ने में मदद मिलेगी, जैसे पौधे को पानी देने से इसे बढ़ने में मदद मिलती है।

पढ़ें

दिन 1: गिनती 22: 1-8
दिन 2: गिनती 22: 9-17
दिन 3: गिनती 22: 18-25
दिन 4: गिनती 22: 26-33
दिन 5: गिनती 22: 34-41

11. इसके बारे में सोचो भी मत

बाइबल कहानी: बिलाम

गिनती 22:1-6, 22:9-38, 23:13-21, 24:10-13

याद करने की आयत 11

इफिसियों 6:1 “बच्चो! प्रभु में अपने माता-पिता की आज्ञा मानो, क्योंकि यह उचित है।”

आवश्यक कहानी 11

बैजू अपने शहर में आयोजित होने वाले एक सम्मेलन में भाग लेना चाहता था। वह अपना होमवर्क पूरा करने और अपनी मां को जल्दी घर साफ करने में मदद करने लगा, ताकि उसे वहां जाने की अनुमति मिल सके। उसने जल्दी समाप्त किया और अपनी मां से कहा, "माँ, क्या दोपहर को मुझे इस सम्मेलन में जाने की अनुमति मिल सकती है?" उसकी मां ने उससे कहा, "आज दोपहर यह संभव नहीं होगा। हम बाहर जाने वाले हैं, और हम चाहते हैं कि तुम घर पर रहो।" बैजू काफी दुखी और निराश हो गया। यह कैसे संभव था कि उसकी मां ने उसे जाने की इजाजत नहीं दी? उस पल में, उसके सन्डे स्कूल का साथी क्रिस ने उसे बुलाया और पूछा, "क्या तुम आ रहे हो? क्या हम तुम्हारा इंतजार करें?" उसने कहा, "नहीं, मैं नहीं जा सकता।" क्रिस ने कहा, "बैजू, यह परमेश्वर के बारे में एक सम्मेलन है। तुम जा सकते हो। परमेश्वर सब बातों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है!"

मुख्य पाठ 11

पिछले हफ्ते, इस्राएल ने 40 वर्षों के लिए मरूस्थल में अपनी यात्रा शुरू कर दी थी। जबकि इस्राएल यात्रा कर रहा था, तो वे मोआब देश के क्षेत्र से होकर गुज़रे। मोआबी लोग उनसे काफी डरे हुए थे, इसलिए मोआब के राजा बालाक ने उन्हें शाप देने के लिए बिलाम नाम के एक व्यक्ति को भेजा। जब बिलाम ने परमेश्वर से पूछा कि क्या करना है, तो परमेश्वर ने उसे जाने से मना किया। लेकिन राजा बालाक परेशान था और वास्तव में चाहता था कि बिलाम आ जाए और इसलिए अधिक अधिकारियों को भेजा और आने के लिए एक बड़ा इनाम भी देने का वादा किया। बिलाम ने उन्हें इंतज़ार करने और यह देखने के लिए कहा कि परमेश्वर क्या कहते हैं। कभी-कभी जब हम परमेश्वर से किसी बात में सहमत नहीं होते, हम फिर से पूछने या उसके मन को बदलने के लिए उस पर दबाव डालते हैं। परमेश्वर ने उसे जाने की अनुमति दी लेकिन वह उस पर काफी क्रोधित था। कभी-कभी जब हम परमेश्वर पर दबाव डालते हैं, तो वह हमें वही चीज़ देता है जो हम चाहते हैं और साथ ही उसके परिणाम को भी भुगतने के लिए छोड़ देते हैं। जब बिलाम मोआब के रास्ते पर जा रहा था, एक स्वर्गदूत उसके सामने आकर खड़ा हुआ। बिलाम ने इसे नहीं देखा, लेकिन उसके गधे ने देख लिया। पहले उसका गधा सड़क को छोड़कर एक मैदान की ओर चला, फिर सड़क के किनारे गली में उसने बिलाम के पैर को दीवार के साथ दबा दिया, फिर बाद में वह सड़क पर लेट गया। जब बिलाम अपने गधे से परेशान हो उठा, तब परमेश्वर ने गधे को बोलने के लिए उसका मुंह खोल दिया! गधे ने कहा, "तुम मुझ पर क्यों क्रोधित हो? क्या मैं तुम्हारा भरोसेमंद गधा नहीं हूँ? क्या मैंने पहले कभी ऐसा किया है?" तब परमेश्वर ने बिलाम को उस स्वर्गदूत को देखने के लिए उसकी आँखें खोली जो उसे मार डालने वाला था, और तब बिलाम को एहसास हुआ कि वह जो करने जा रहा था वह गलत था। बिलाम को एहसास हुआ कि परमेश्वर नहीं चाहते थे कि वह इस्राएल को शाप दे, भले ही उसे राजा बालाक से कितना ही बड़ा इनाम क्यों न मिले। जब वे पहुंचे, बिलाम ने इस्राएल को चार बार आशीष दी और कभी परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन करने के बारे में सोचा भी नहीं।

आज पहले हमने बैजू के बारे में सुना जो अपने माता-पिता की आज्ञा उल्लंघन करने और सम्मेलन में जाने के प्रलोभन में फंसता है। उसके पास वहां जाने के लिए कई अच्छे कारण बताना काफी आसान था, जैसे कि जब क्रिस ने उसे बताया कि यह सम्मेलन परमेश्वर के बारे में है। लेकिन परमेश्वर हमें हमारे माता-पिता की आज्ञा मानने का आदेश देता है, और एक सम्मेलन के कारण परमेश्वर का आदेश बदलने वाला नहीं है। यीशु ने हमें जागते रहने और प्रार्थना करने के लिए कहा है ताकि हम परीक्षा में न पड़ें (मत्ती 26:41)। अपने विचारों पर ध्यान दें क्योंकि जितना अधिक

आप यह सोचते हैं कि आप कितना गलत करना चाहते हैं, उतना ही अधिक इसे सही करने में मुश्किल होती हैं। जैसे ही आपको याद आता है कि परमेश्वर का वचन क्या कहता है, इसे मानने के लिए जल्दी करो ताकि आप गलत करने के बारे में सोच भी न सके।

मैं परमेश्वर की आज्ञा मानने के लिए जल्दी करने को चुनता हूं और खुद को गलत करने के बारे में सोचने तक की अनुमति नहीं देता हूं।

संकल्प 11

उस पल में, बैजू को याद आया कि वचन कहता है कि हमें अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए और परमेश्वर हमें आज्ञाकारी देखना पसंद करते हैं। फिर उसने कहा, "मैं नहीं जा रहा हूँ।" उसने क्रिस को बताया कि वचन क्या कहता है कि हमें करना चाहिए।

क्रियाकलाप 11

रबड़ बैंड रिंग्स

कक्षा के दौरान बच्चे पूरे सप्ताह यह याद रखने के लिए एक रबड़ बैंड की अंगूठी या ब्रेसलेट बनाते हैं कि परमेश्वर को नाराज़ न करें। उन्हें बनाने के लिए निर्देशों के चित्रों का अनुसरण करें या आप प्लास्टिक के रिंग्स का भी प्रयोग कर सकते हैं।

1. एक रबर बैंड लें और इसे आधे में मोड़ लें।
2. पहले रबड़ बैंड द्वारा बनाई गई लूप के माध्यम से एक और रबड़ बैंड को निकालें।
3. एक श्रृंखला बनाने के लिए रबर बैंड को आधे में फोल्ड करें। अपने इच्छित आकार की जंजीर बनाने के लिए इन चरणों को दोहराएं।
4. एक अन्य मोड गए रबड़ बैंड का उपयोग सिरे को बाँधने के लिए करें।



समय-रेखा 11

उस समय पर एक बिंदु चिह्नित करें जब बिलाम के गधे की कहानी घटित हुई।
प्रश्न: जब परमेश्वर के लोग जंगल में घूमने लगे तो मूसा की उम्र कितनी थी? उत्तर: 80 साल
प्रश्न: बिलाम ने परमेश्वर के लोगों के विरूद्ध काम करना कब शुरू किया? उत्तर: जबकि वे मरूस्थल में घूम रहे थे।

पहेली उत्तर 11

बाइबल की किताबें
उत्पत्ति से लेकर एस्तेर तक बाइबल की किताबें क्रम से लिखो।

1. उत्पत्ति
2. निर्गमन
3. लैव्यव्यवस्था
4. गिनती
5. व्यवस्थाविवरण
6. यहोशू
7. न्यायियों

श	ली	म	बे	डे	श्व	न	त
क्ति	ला	पा	दू	टें	ग	हीं	श
बि	शा	प	जो	लो	थ	दू	क्ति
स्व	ब	चा	र	ब	चा	या	शा
या	र्ग	त	दे	मे	ब	टें	ली
ग	धा	दू	ना	रे	श्व	र्ग	स्व
प	डे	लो	त	ल	वा	र	दू
र	रे	बि	ला	मे	हीं	ल	व

8. रूत
9. 1 शमूएल
10. 2 शमूएल
11. 1 राजा
12. 2 राजा
13. 1 इतिहास
14. 2 इतिहास
15. एज्रा
16. नहेमायाह
17. एस्तेर

प्रश्न और उत्तर 11

1. मुझे किसकी बातें सुननी चाहिए? (सबसे पहले, परमेश्वर, फिर अपने अधिकारियों की जो दुनिया में हैं। इस बात का ध्यान रखें, हालांकि, हम अक्सर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम परमेश्वर का अनुसरण कर रहे हैं अगर हमारे अधिकारी उस बात से सहमत होते हैं जो हम सोचते हैं कि हम सुन रहे हैं)।

2. क्या होगा अगर मेरे माता-पिता मुझसे कुछ गलत करने के लिए कहें? (उन विभिन्न मामलों के बारे में बात करें जहां आपके माता-पिता गलत हो सकते हैं। अपने विद्यार्थियों को माता-पिता के दृष्टिकोण को देखने में सहायता करें, क्योंकि ज्यादातर मामलों में, माता-पिता सही होते हैं)।

3. मैं बॉस कब बनूंगा? (मेरे अनुभव में, जबकि वे वयस्क बन जाते हैं, तब भी कुछ साल ऐसे होते हैं जहां परमेश्वर उन्हें एक दूसरे की सेवा करने के लिए कहते हैं। उन विद्यार्थियों को जिनमें अगुवे बनने के गुण हैं, उन्हें तब तक इंतजार करने के लिए प्रोत्साहित करें जब तक कि परमेश्वर उन्हें उनकी सेवा न दें। उदाहरण के लिए, यीशु जब बारह वर्ष का था, तब से ही उसने धार्मिक अगुवों के सामने चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे, लेकिन परमेश्वर ने उसे तीस साल तक अपनी सेवा शुरू करने की अनुमति नहीं दी)।

खेल 11

गधे को चोट मत पहुँचाओ



• एक कार्डबोर्ड लें और केंद्र में एक गधे का चित्र बनाएं, जिसमें तलवार के लिए एक खाली जगह छोड़ दें। गधे के आसपास के खाली स्थान के बराबर एक तलवार के आकार को बनाएं।
• बच्चों की दो या तीन टीमों का गठन करें और प्रत्येक टीम से एक बच्चे को चुनें।
• चुने हुए बच्चे को तलवार दें और उसकी टीम उसकी आंखें बंद रखने में उसकी सहायता करें।
• टीम के सभी बच्चे चिल्लाते हुए उस बच्चे को दिशा (दाएं, बाएं, ऊपर, नीचे) बताते हुए निर्देश देते हैं। वे तलवार को कार्डबोर्ड के खाली स्थान पर ले जाने का प्रयास करते हैं और गधे को छूने से उसे बचाते हैं।
• प्रत्येक टीम मुकाबला करती है, और एक विजेता टीम का चयन किया जाता है।

उपस्थिति 11



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

परमेश्वर की तलवार

गृहकार्य

अमलीकरण

इस सप्ताह आपका गृहकार्य उस चीज़ के बारे में लिखना है जिसके विरूद्ध आप विद्रोह कर रहे हैं, ऐसा कुछ जो आप नहीं करना चाहते हैं, लेकिन किया जाना चाहिए, या कुछ ऐसा जो आप करना चाहते हो लेकिन नहीं किया जाना चाहिए। यह इस गृहकार्य अमलीकरण की तरह कुछ आसान भी हो सकता है या यह कुछ ऐसा हो सकता है जो आपके माता-पिता चाहते हैं कि आप करें। आपके हृदय, आपके दोस्त और परिवार, या आपके भविष्य की उम्मीदों और परमेश्वर की सेवा करने के सपनों के उस नुकसान के बारे में सोचें जो यह पहुंचा रहे हैं। फिर यीशु से आपको क्षमा करने और इसे अपने हृदय से साफ करने के लिए प्रार्थना करें, यीशु को बताएं कि वह आपका राजा है। इस बात पर नज़र रखें कि क्या आपका विद्रोह दूर हुआ है कि नहीं और उस प्रार्थना को दोहराते रहें जब तक आपको जरूरत लगे।

पढ़ें

दिन 1: यहोशू 5:13-6:5
दिन 2: यहोशू 6:6-11
दिन 3: यहोशू 6:12-19
दिन 4: यहोशू 6:20-23
दिन 5: यहोशू 6:24-27

12. परमेश्वर की ओर

नायक: यहोशू

यहोशू 1:1-11, 2:1-21, 3:14-4: 7, 4:15-18, 5:10-6:11, 6:15, 6:20-25, इब्रानियों 11:30-31

याद करने की आयत 12

योहन 1:12 “किन्तु जितनों ने उसे अपनाया, और उसके नाम में विश्वास किया, उन सब को उसने परमेश्वर की संतान बनने का अधिकार दिया।”

आवश्यक कहानी 12

क्रिस अपने स्कूल वर्ष खत्म करने वाला ही है। यह अंतिम परीक्षा का समय है, और वह जानता है कि उसे अपनी छात्रवृति को कायम रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कल उसकी पहली परीक्षा है, लेकिन आज, वह अपने दोस्तों के साथ खेल रहा है और कार्टून देख रहा है। दिन के अंत में, जब वह सोने जा रहा है, तो प्रार्थना करता है, "हे परमेश्वर, कृपया, कल की परीक्षा में मेरी मदद करने के लिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूं। मुझे अपनी छात्रवृति को बनाए रखने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेरी प्रार्थना सुनने के लिए धन्यवाद। मैं जानता हूं कि आप मेरी मदद करेंगे।"

मुख्य पाठ 12

याद कीजिये कि यहोशू ने अपना विश्वास कैसे बनाया? परमेश्वर ने यहोशू को इस्राएल राष्ट्र का नेतृत्व करने के लिए चुना और उससे वादा किया कि वह हमेशा उसके साथ रहेंगे। 40 साल तक मरुस्थल में घूमने के बाद, अब वायदा किये हुए देश को लेने का समय था। यहोशू ने दो जासूसों को यरीहो शहर में भेजा। राहाब नाम की एक वेश्या ने जासूसों को छुपाए रखा और उसके घर में एक खिड़की से बचने में उनकी मदद की जो शहर की दीवार का एक हिस्सा थी। अगर वह खिड़की में एक लाल कपड़ा बांध देती है तो वे उसे और उसके परिवार को नष्ट नहीं करेंगे।

यरदन नदी पार करने के लिए, याजक लोग वाचा के उस सन्दूक को ले गए जो परमेश्वर के मौजूद होने का प्रतीक था, और सीधे नदी के बीच से चलने लगे। बाढ़ की अवस्था में भी नदी चमत्कारिक रूप से ऊपर की ओर ठहरकर ढेर बन गई। अपने हाथ में पानी का ढेर पकड़ने की कोशिश करते हुए इसकी कल्पना करें। इस्राएली सूखी भूमि पर से पार चले गए और नदी के किनारे से 12 पत्थरों को हमेशा इस बात को याद करने के लिए लिया कि परमेश्वर ने उनके लिए क्या किया था। हम भी यह लिख सकते हैं कि परमेश्वर हमारे जीवन में क्या कर रहे हैं। तब इस्राएल ने फसह का पर्व्व मनाया: क्या आपको याद हैं कि उन्होंने मिस्र में बचने के लिए मेमने के लहू को अपने दरवाजों पर लगाया था?

एक दिन यहोशू ने एक आदमी को तलवार के साथ देखा। उसने पूछा कि क्या वह इस्राएल की ओर से है या उनके दुश्मन की ओर से। उस आदमी ने कहा कि किसी की ओर से नहीं था, लेकिन वह परमेश्वर की सेना का प्रधान था। वह आदमी यीशु था!

कभी-कभी हम यह मानते हैं कि परमेश्वर हमारी ओर है क्योंकि हम खुद को मसीही कहते हैं या कलीसिया जाते हैं। कभी-कभी हम गलत काम करते हैं, जैसे परीक्षा के लिए पढ़ाई नहीं करना या फिर कोई पाप करना, फिर जो कुछ भी हम चाहते हैं उसके लिए परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि वह जवाब क्यों नहीं देता। लेकिन हमें परमेश्वर की सेना में शामिल होना चाहिए, न कि दूसरी तरफ। इस्राएली फसह के पर्व्व के साथ परमेश्वर की ओर जुड़ गए, जो यीशु में विश्वास करने की एक तस्वीर थी। राहाब ने परमेश्वर के लोगों की मदद करके और अपनी खिड़की में लाल कपड़ा बांधकर परमेश्वर के पक्ष में शामिल हो गई, जो परमेश्वर में विश्वास करने की एक और तस्वीर थी। यीशु के समय में इस्राएल के धार्मिक अगुवों ने मान रखा था कि वे परमेश्वर की तरफ थे, लेकिन यीशु में विश्वास न करके और अन्य लोगों को परमेश्वर से दूर करके उसे क्रोधित बना दिया था। यीशु ने उनसे कहा कि चुंगी लेनेवाले और वेश्याएं विश्वास और मन फिराके उनसे पहले परमेश्वर के राज्य में प्रवेश कर रहे हैं (मत्ती 21:31-32)। हम अपने माता-पिता के विश्वास पर या कलीसिया जाने पर हमारा भरोसा नहीं रख सकते हैं, और हमें दूसरों का न्याय भी नहीं करना चाहिए कि वे कहां से आए हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां से आए हैं, आपको उद्धार पाने के लिए यीशु पर विश्वास करना होगा।

इस्राएली लोग शहर के चारों ओर चक्कर लगाते रहे और एक साथ चिल्लाए। राहब के घर को छोड़कर बाकी दीवारें गिर गईं, और इस्राएलियों ने शहर को आग से जला दिया। राहाब न केवल परमेश्वर के लोगों में शामिल हो गई, बल्कि वह भविष्य के राजा दाऊद की पर-पर- दादी और यीशु की पर-पर-बड़ी-परदादी बनी (मत्ती 1:5-6, 16)। और यहोशू ने अपने पूरे जीवन काल तक इस्राएल राष्ट्र का नेतृत्व किया।

मैं मानता हूं कि मसीहियों में से एक होने का यह अर्थ नहीं है कि परमेश्वर मेरी ओर है। मैं यीशु में विश्वास करके और उसकी आज्ञा पालन करके परमेश्वर की ओर शामिल होना चुनता हूं।

संकल्प 12

क्रिस की परीक्षा बहुत मुश्किल थी, और वह इसे केवल पढ़कर ही पास कर सकता था। उसने परीक्षा पूरी की और उम्मीद रखी कि किसी भी तरह परमेश्वर उसकी मदद करेंगे। कुछ दिनों बाद उन्हें उनके परिणाम दिए गये और अच्छी तैयारी न होने के कारण क्रिस परीक्षा में फेल हो गया। क्रिस को अपनी छात्रवृति खोनी पड़ी। फिर वह बहुत दुखी महसूस करने लगा और अपना सेल फोन उठाया और अपने दोस्त स्टैफी को बुलाया ताकि उसे थोडा आश्वासन मिल सके।

क्रियाकलाप 12

यरीहो की दीवार

कुछ मिनटों के लिए बच्चों को प्रार्थना करने और उन ऐसी बातों पर विचार करने का अवसर दें जो उन्हें परमेश्वर से अलग करती हैं। प्रत्येक बच्चे को कागज का एक टुकड़ा दें जैसे कि यह यरीहो की दीवार की ईंटों में से एक हो। उन्हें अपनी ईंट पर ऐसा कुछ लिखने के लिए कहें जो उन्हें परमेश्वर से अलग करती है। इसके बाद, विद्यार्थियों को अपने कागज मोड़ने को कहें और इसे घर ले जाने दें। सप्ताह के दौरान उन्हें कागज़ को देखने और प्रार्थना करने के लिए प्रोत्साहित करें कि परमेश्वर उस दीवार को गिरा देंगे जो उन्हें उससे अलग करती है।



समय-रेखा 12

यहोशू के जीवन के लिए रेखा खींचें।

प्रश्न: जब यहोशू का जन्म हुआ तब मूसा कितने साल का था? उत्तर: हमारे पास उसकी सही उम्र नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि मूसा 40 वर्ष का था

प्रश्न: यहोशू कब तक जीवित रहा? उत्तर: 110 साल

पहेली उत्तर 12



री	गि	फि	या	आ	बा	द	ता	रे
हो	शी	रौ	ब	त	फ	ल	ड़ा	ई
दु	श्म	न	दू	टो	फ	री	गि	भा
य	या	र्ग	ड़ा	स	ष	य	हो	शू
हो	स्व	दी	प	क्ष	रि	री	ब	ष
रा	प	रि	वा	र	गि	हो	शी	क्ष
हा	शू	श्व	झु	रें	मे	आ	का	श
ब	चा	या	स्थि	ढ़	गि	श्व	या	ड़ा
आ	शी	प	रि	वा	री	ल	र	क्ष



प्रश्न और उत्तर 12

1. आखिरी बार आपने कौन सी बात के लिए परमेश्वर की मदद मांगी जो उसकी इच्छा में नहीं थी? (मनोरंजक प्रार्थनाओं के बारे में बात करें जैसे टीवी पर किसी के लिए प्रार्थना करना, काम न करने के लिए प्रार्थना करना, प्रार्थना करना कि कोई अन्य विद्यार्थी खेल में हार जाए)।

2. परमेश्वर इतना बड़ा है; वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त कैसे हो सकता है? (परमेश्वर के विभिन्न पहलुओं पर बात करें, जैसे कि उनकी महानता, लेकिन उनके प्यार के विषय में भी। इस तथ्य पर भी चर्चा करें कि वह हमें पूरी तरह से जानता है)।

3. परमेश्वर मुझसे क्या चाहते हैं? (हम सभी के पास परमेश्वर की ओर से विभिन्न वरदान और शारीरिक क्षमताएं हैं। परमेश्वर इस दुनिया में अपनी महिमा दिखाने और उसके लिए अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए सभी को एक या अन्य तरीके से उपयोग कर सकते हैं। आपके पास क्या वरदान हैं? आपके पास क्या क्षमताएं हैं? यह भी याद रखें, कि परमेश्वर उन चीजों में भी हमें इस्तेमाल कर सकते हैं जहां हमें वरदान नहीं दिया गया है या कोई क्षमता हो। कभी-कभी वह हमारी कमजोरी के माध्यम से अपनी महानता प्रदर्शित करता है। वह ऐसे हृदय के बारे में अधिक परवाह करता है जो हमेशा तैयार है और जो कुछ भी वह हमसे करने को कहता है, उसे करने के लिए उपलब्ध है।

खेल 12



इसका चित्र बनाएं

- याद करने की आयत के साथ एक पोस्टर तैयार करें। कई शब्दों को बीच में छोड़ दें, उनके बदले में एक सफेद स्थान छोड़ दें।
- खेलने के लिए, विद्यार्थी बाइबल में से आयत ढूंढते हैं, और कहते हैं कि पोस्टर की आयत में से कौन सा शब्द गायब है।
- रिक्त स्थानों में, विद्यार्थी लापता शब्दों को प्रदर्शित करने के लिए चित्र बनाते हैं। (लापता शब्द एक से अधिक तरीकों से दिखाए जा सकते हैं)।
- यदि आपका समूह बड़ा है, तो इसे 4 से 6 की टीमों में विभाजित करें और प्रत्येक टीम के लिए पोस्टर की प्रतिलिपि बनाएं।
- जब सभी तस्वीरें बन कर तैयार हो जाती है, तो उन्हें उस आयत को कई बार कहने दें जब तक कि वे इसे अच्छी तरह से सीख नहीं लेते।

उपस्थिति 12

कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

यहोशू

गृहकार्य 12

अमलीकरण

इस हफ्ते आपका गृहकार्य स्वयं यह सोचना है कि क्या आप एक समूह में होने के कारण मसीही होने का नाटक तो नहीं कर रहे हैं या आप वास्तव में यीशु में विश्वास करते हैं। यदि यह आपका पहला अवसर है या आप अनिश्चित हैं, तो अपने सन्डे स्कूल शिक्षक से पूछें कि आप यीशु में विश्वास करके परमेश्वर के परिवार में कैसे शामिल हो सकते हैं। यदि आप पहले से ही यीशु को स्वीकार कर चुके हैं, तो इस हफ्ते किसी ऐसे व्यक्ति से कुछ अच्छा कहें जो आपसे अलग है, जैसे कि उनके कपड़ों की तारीफ करना या जिस तरह से वे अच्छा खेलते हैं।

पढ़ें

दिन 1: यहोशू 7:1-12
दिन 2: यहोशू 7:13-19
दिन 3: यहोशू 7:20-26
दिन 4: यहोशू 8:1-13
दिन 5: यहोशू 8:14-29

13. कुछ भी छिपाकर मत रखो

बाइबल कहानी: आकान

यहोशू 6: 17-19, 7: 1-12, 7: 20-8: 7, 8: 18-27

याद करने की आयत 13

1 **योहन** 1:9 "यदि हम अपने पाप स्वीकार करते हैं, तो परमेश्वर हमारे पाप क्षमा करेगा और हमें हर अपराध से शुद्ध करेगा; क्योंकि वह विश्वसनीय तथा धार्मिक है।"

आवश्यक कहानी 13

शिक्षक द्वारा पूछे जाने से पहले कपिल अपनी कक्षा में अपने विज्ञान कार्य को पूरा कर रहा था। वह उच्च ग्रेड प्राप्त करना चाहता था। उसी समय, उसका एक दोस्त वहां दौड़ता और ठोकर खाता हुआ प्रवेश करता है, और उसने कपिल के काम को खराब कर दिया। जब यह नीचे जमीन पर गिरा तो नष्ट हो गया इसलिए अब उसके पास शिक्षक को देने के लिए कुछ भी नहीं था। कपिल बहुत गुस्सा हो उठा, लेकिन दोषी लड़के ने सभी सहपाठियों और शिक्षक के सामने उससे माफ़ी मांगी। तब कपिल कुछ भी नहीं कर सका। उसके पास यह कहने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, "तुमने माफ़ी मांगी हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर देता हूं।" लेकिन वास्तव में कपिल ने उसे माफ नहीं किया था। उसने सोचा, "कुछ दिनों के बाद मैं भी उसके साथ ऐसा ही करूंगा, और तब वह जान जाएगा कि किसी महत्वपूर्ण चीज़ को खोना कैसा लगता है।" उसके बाद, कपिल शिक्षक द्वारा एक बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजना देने का इंतजार करता रहा। एक दिन शिक्षक ने ऐसी एक परियोजना सबको करने को दी। कपिल ने कहा,"यह मेरा अवसर है!" जब इसे शुरू करने का समय आया, तो कपिल सोडा खरीदने के लिए एक दुकान में गया। उसका इरादा था कि "गलती से" वह अपने साथी के काम पर सोडा फैला देगा।

मुख्य पाठ 13

पिछले हफ्ते, यहोशू और इस्राएलियों ने यरीहो पर कब्ज़ा कर लिया था। परमेश्वर ने उनसे कहा कि उस पहले शहर की सब वस्तुएं परमेश्वर की थी, कि उन्हें इसे पूरी तरह जलाना था और खुद के लिए कुछ भी नहीं रखना था। बाकी देशों से मिलने वाली लूट इस्राएल के लिए था। हमारे जीवन में, सब चीज़ों का पहला भाग परमेश्वर का है, और हमें इसे परमेश्वर को देना है।

यहोशू और इस्राएलियों ने सोचा कि अगले शहर ऐ पर कब्ज़ा करना बहुत आसान है। यह उन लड़ाईयों की तुलना में छोटा था जो इस्राएली पहले ही जीत चुके थे। परमेश्वर हमें हमारे अंदर पवित्र आत्मा देता है ताकि हम अपने पापों पर विजय प्राप्त कर सकें और परमेश्वर के लिए अच्छी चीजें कर सकें, जैसे कि हमारे माता-पिता के प्रति दयालु बनना। परमेश्वर की मदद से, यह आसान भी लग सकता है। इस्राएलियों ने उस शहर के विरूद्ध केवल कुछ ही लोगों को भेजा, लेकिन इस बार वे आसानी से हार गए! यहोशू परमेश्वर के सामने रोया, "आप अब हमारे साथ क्यों नहीं हो? इस देश के लोग हम सभी को मार डालेंगे, और कोई भी यह नहीं सोचेंगे कि आप एक महान परमेश्वर हैं!" परमेश्वर ने उसे खड़े होने और विलाप करने से रूकने के लिए कहा, क्योंकि वे इसलिए हार गए थे क्योंकि किसी ने यरीहो से कुछ लूट अपने पास रख लिया था, परमेश्वर की आज्ञा तोड़कर और झूठ बोलकर और इसे छुपा दिया था। मान लीजिए कि आप एक दिन अपने माता-पिता से झूठ बोलते हैं। आप अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों से कुछ छिपाने में सक्षम हो सकते हैं, लेकिन परमेश्वर सब कुछ देखता और जानता है। कुछ दिनों बाद आप महसूस करते हैं कि अपने माता-पिता के प्रति दयालु होना बहुत मुश्किल है, और आप परमेश्वर के सामने रोते और रोते हैं, उससे पूछते हैं कि वह आपके साथ क्यों नहीं है। इसकी बजाय, यहोशू ने जो किया वही आप भी करें और पूछो कि क्या आपने कुछ गलत किया है? जब आप ऐसा करते हैं, तो परमेश्वर आपकी मदद करने में तेज़ी दिखाते हैं क्योंकि वह आपसे प्यार करता है और जो आपके लिए सबसे अच्छा है उसे चाहता है। ठीक जैसे कि परमेश्वर ने इस बात की अधिक परवाह की कि इस्राएल ने क्या, बजाय कि पडोसी देशों ने क्या सोचा, उसी तरह किसी महान विजय के प्रदर्शन से बढ़कर वह आपके हृदय की अधिक परवाह करते हैं। बाइबल कहती है कि यदि हम अपने पापों का अंगीकार करते हैं, तो परमेश्वर हमें क्षमा करने और हमें हमारे पापों से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य है। जब परमेश्वर आपको दिखाता है कि आपने क्या गलत किया है, तो वापस जाएं और इसे तुरंत ठीक

करें। यदि आपने माता-पिता से झूठ बोला है, तो उन्हें सच बताएं। अगर आपने कुछ चुरा लिया है, तो इसे वापस कर दें। यदि आपने किसी को चोट पहुंचाई है, तो उनसे क्षमा मांगें। यदि आप कपिल की तरह अपने मन में द्वेष रखे हुए हैं, तो उस व्यक्ति को क्षमा करें और उनसे प्रतिशोध के विचार रोक दें। यदि आपने कुछ ऐसा अपने पास रख लिया है जो परमेश्वर का है, तो उसे तुरंत वापस करें। जितनी जल्दी आप पश्चाताप करेंगे, उतनी ही जल्दी परमेश्वर आपको आगे बढ़ने और जीत हासिल करने में मदद करेगा।

परमेश्वर ने इस्राएल को दिखाया कि आकान नाम का एक आदमी ही वह पाप करने वाला व्यक्ति था। उन्हें उसके तम्बू में दफनाये हुए कपड़े, चांदी के सिक्के और सोने की पट्टियाँ पाई गई जो यरीहो से मिली थी। उन्होंने उसे और उसकी चीजें ली और उन्हें नष्ट कर दिया। फिर, जब वे ऐ पर हमला करने के लिए वापस गए, तो परमेश्वर ने उन्हें जीत हासिल करने में मदद की।

मैं परमेश्वर से कुछ भी अपने पास रखने या छिपाने की कोशिश नहीं करने और जब मैंने गलत किया है तो मन फिराने का चुनाव करता हूं।

संकल्प 13

लेकिन जब वह इस अवसर की तलाश में था, तभी स्टैफी को एहसास हुआ कि कपिल क्या करने की कोशिश कर रहा था। तब स्टैफी ने उसे बताया कि उसके हृदय में द्वेष को रखना और माफ नहीं करना सही बात नहीं है। परमेश्वर उन चीजों को पसंद नहीं करते हैं। कपिल समझ गया कि वह गलत था। उन्होंने परमेश्वर से प्रार्थना की और उसने वास्तव में अपने दोस्त को क्षमा कर दिया।

क्रियाकलाप 13



यह मेरा नहीं है

बच्चों को टेबल के बीच में अपनी एक व्यक्तिगत चीज़ रखने को कहें। उन वस्तुओं में से एक ले लो और फिर किसी से पूछो, "क्या यह तुम्हारा है?" यदि यह उसका नहीं है, तो बच्चे को जवाब देना होगा, "यह मेरा नहीं है और जो मेरा नहीं है उसका मैं लालच कभी नहीं करूंगा न ही उसे कभी लूँगा।" प्रत्येक चीज़ के साथ इसे दोहराएं, ताकि सभी इसमें शामिल हो सके। यदि बच्चे काफी छोटे हैं, तो अपने उत्तर को सरल बनाएं, जैसे कि, "यह मेरा नहीं है।"

समय-रेखा 13

उस एक समय बिंदु को चिह्नित करें जब आकान की अवज्ञा की कहानी घटित हुई।

प्रश्न: जब यहोशू ने ऐ पर विजय प्राप्त की तो वह कितने साल का था? उत्तर: हमारे पास उसकी सही उम्र नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि यहोशू 70 वर्ष का था।

प्रश्न: आकान ने परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन कब किया? उत्तर: जब यहोशू और इस्राएली यरीहो पर कब्ज़ा करने के लिए लड़ रहे थे।

पहेली उत्तर 13

यहाँ पूरत्येक पूरतीक कतिने हैं?

1	5	7	0	8

4	6	2	9	.

1	5	0	4	9	0	8	0	.	2	1	4	8	0
0	1	5	6	1	6	9	4	1	0	.	0	6	1
6	9	1	0	9	7	1	0	.	5	8	1	5	8
0	6	9	2	5	0	8	5	0	6	0	7	4	2
7	1	0	6	1	.	9	.	2	1	9	0	9	1
8	.	4	0	8	0	1	5	0	4	8	1	5	6
4	0	9	7	.	4	.	9	8	5	6	2	5	0
1	2	1	4	1	5	0	1	5	6	1	0	.	8
4	8	4	8	6	0	2	5	9	1	9	2	5	1
8	5	0	9	8	1	8	7	0	.	8	1	6	8
1	9	1	0	.	4	.	2	.	5	9	.	0	9
6	0	.	4	1	0	1	0	1	.	1	0	.	0
0	8	5	6	0	8	5	.	0	9	0	.	5	6
1	.	1	0	1	.	6	1	.	5	1	2	4	8
9	6	9	.	9	7	8	0	.	4	.	0	9	.
2	0	8	0	.	4	9	8	2	8	0	.	6	0
7	2	1	.	5	0	1	.	7	9	1	9	7	.
.	4	.	0	2	4	6	0	.	4	6	2	0	8
9	5	9	9	0	.	7	9	1	.	0	5	.	9
0	2	8	5	9	5	.	8	6	0	2	.	0	1

खा	लू	न	स्सा	नं	स्सा	का	ल	ड़ा
स्सा	ए	गु	य	नू	हा	वि	श्वा	स
पा	प	र	मे	श्व	र	ज	ऐ	ई
ऍं	ह	रि	य	लू	ठी	य	ड़ा	प
वि	गु	द	वा	ट	फ	ल	उ	ज
सा	नं	ऐ	य	र	खा	टो	क	री
आ	का	न	म	आ	ज्ञा	दी	सा	ऍं
प	र	मे	श्व	र	सा	ह	या	ई

प्रश्न और उत्तर 13

1. अतीत में आपकी वे क्या ऐसी चीजें छिपी हुई हैं जिन्हें परमेश्वर जानते हैं? (उन्हें बात करने के लिए समय दें और उन्हें याद दिलाएं कि अगर कोई आत्मविश्वास के साथ कुछ बांटता है तो इसे दोहराया नहीं जाना चाहिए)।
2. क्या परमेश्वर दूसरा अवसर देते हैं? (बेशक, लेकिन उन तरीकों के बारे में भी सोचें जिन्हें हम अपने माता-पिता से दूसरे मौके के लिए पूछने की कोशिश करते हैं, जबकि हम वास्तव में वही काम करना चाहते हैं)।
3. यह मेरा जीवन है, मेरा समय और मेरा पैसा है, ठीक है? (जब आप एक मसीही होने के नए स्तर पर जाते हैं, और आप परमेश्वर को सब कुछ दे देते हो, तो आप देखेंगे कि आपकी चीजें वास्तव में आपकी नहीं रह जाती हैं)।

खेल 13

संगीत कार्ड

• प्रत्येक विद्यार्थी को एक बाइबल आयत के एक अक्षर लिखा हुआ एक कार्ड दें और उन्हें एक गोल घेरे में बैठने को कहें। यकीन कर लें कि बाइबल की आयत के अक्षर क्रम में न हो।
• जब संगीत बजता है, तो बच्चे सर्कल के चारों ओर अपने कार्ड को बढ़ाते जाते हैं।
• जब संगीत रूक जाता है, तो विद्यार्थी आयत के क्रम के अनुसार उनके कागजों को पढ़ते हैं।
• कई राउंड खेलने के बाद, बच्चे अपने कार्ड के साथ आगे आते हैं और उन्हें पाठ के क्रम के अनुसार व्यवस्थित करते हैं।
• मिलकर कई बार इस आयत को दोहराएं।

उपस्थिति 13



कक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों को आज का कार्ड दें। उन्हें बधाई दें और उन्हें अगले सप्ताह आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे एक और कार्ड कमा सकें और नायक का खेल खेल सकें! आज का कार्ड है:

छिपा हुआ सोना

गृहकार्य 13

अमलीकरण

इस सप्ताह आपका गृहकार्य उस चीज़ के बारे में लिखना है जिसे आप परमेश्वर से और दूसरों से छुपा रहे हैं और यह भी कि आप इसे क्यों छुपा रहे हैं। फिर सोचें कि यह आपको कैसे प्रभावित कर रहा है। यह परमेश्वर के साथ आपकी सहभागिता को चोट पहुंचाता है, और यह अच्छा नहीं है। लेकिन, ऐ की घटना की तरह ही, यह आपकी कक्षा और उन लोगों को नुकसान पहुंचाता है जिनके साथ आप यीशु का अनुसरण कर रहे हैं। किसी कारण से वे इसका पता लगाने में सक्षम नहीं हो पाते, लेकिन वे उतने प्रभावी, उतना खुश, या समूह के रूप में उतने एकजुट नहीं हो पाते जितना वे बनना चाहते हैं। आपको पता है कि क्या करना है। यीशु और आपके माता-पिता या किसी भरोसेमंद शिक्षक या पास्टर के सामने अपने पाप को स्वीकार करें। क्षमा के लिए परमेश्वर से याचना करें और जो अंतर उसकी क्षमा लाती हैं उस पर गौर करें।

पढ़ें

इस हफ्ते कोई पाठन गृहकार्य नहीं है।